चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-81, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 16

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 15

# 12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह का कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गये। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं। पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। बधाइयां गूंजने लगीं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। इससे पहले मंदिर परिसर को फूल और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमां भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। श्री राम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य को धरा पर अवतरित होते देख भक्त भाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। कुछ भक्तों के आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी।

## पांच मिनट तक रामलला का हुआ मस्ताकाभिषेक, महल में गूंजी बधाइयां

### करोड़ों लोग हुए इस अद्भुत पल के साक्षी




रामलला को स्नान कराते ट्रस्ट के पुजारी।

### सुबह प्रसाद में लड्डू, दोपहर में पंजीरी

रामलला को 56 भोग लगाया गया। प्रसाद परिसर स्थित सुरक्षा बलों और निर्माण कर्मियों सहित उपस्थित सात हजार सेवकों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। राम मंदिर में सुबह से ही दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिखी। सभी ने नंगे पांव जन्म भूमि पथ के रास्ते राम मंदिर में प्रवेश किया। भक्तों को समयानुसार प्रसाद मिला। सुबह दर्शनार्थियों को लड्डू प्रसाद व जन्मोत्सव के बाद धनिये की पंजीरी का प्रसाद मिला।

### मोदी-योगी ने भी देखा सूर्याभिषेक

सूर्याभिषेक का लाइव प्रसारण चल रहा था। इस पल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। रामनवमी पर दोपहर 12 बजते ही शंखनाद हुआ। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12 :05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।



## एक नजर

### आतंकियों ने बिहार के मजदूर को मारी गोली

**श्रीनगर :** अनंतनाग जिले में बुधवार को प्रवासी को टारगेट करके गोली मारी गई। अबकी बार बिहार का एक मजदूर आतंकियों का निशाना बना। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह को नजदीक से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

### हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

**रांची।** ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुड़ा हुआ है जबकि सिंह रियल एस्टेट व्यवसायी है। ईडी के आरोपपत्र के अनुसार सहाय ने अन्य के साथ मिलकर जमीन से संबंधित दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया है।

# प्रचार थमा, मतदान कल

## पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर होने जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है। पहले चरण के अन्य प्रमुख प्रत्याशियों में पूर्व मंत्री एवं द्रमुक सांसद ए राजा का भाग्य नीलगिरि सीट के मतदाताओं के निर्णय से तय होगा।

### पहले चरण में उप्र में होना है आठ सीटों पर पोलिंग

**पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर**

**लखनऊ।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए चुनाव प्रचार बुधवार की शाम खत्म हो गया। 18 अप्रैल को पोलिंग पाटियां रवाना होंगी। इन सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

### राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

# चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया, 150 सीटों पर सिमट जाएगी एनडीए

- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा चुनाव : राहुल गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?

### ये तो भाजपा वाला सवाल?

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

# लूट ईस्ट को एक्ट ईस्ट में बदला : मोदी

- प्रधानमंत्री ने कहा त्रिपुरा ने भाजपा में अभूतपूर्व बदलाव देखे

अगरतला, एजेंसी



अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित रैली में कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। त्रिपुरा के लोगों को भी इसका बहुत फायदा मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता।

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

## अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार :** अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

### यह था मामला

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

# शहीद की पत्नी को सरकार वित्तीय लाभ देने पर राजी

- हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने विशेष मामला माना

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र सरकार ने चार साल पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए मेजर अनुज सूद के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला ले लिया। सरकार ने पहले अनुज की पत्नी आकृति सूद को इस आधार पर वित्तीय लाभ देने से इनकार कर दिया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्ष से राज्य में रह रहे थे। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके दिवंगत पति की इच्छा के अनुसार परिवार पिछले 15 वर्ष से महाराष्ट्र में रह रहा है।

मेजर सूद दो मई, 2020 को उस वक्त शहीद हो गये थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। सरकार ने आकृति को एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और 9,000 रुपये मासिक भुगतान देने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के इस फैसले की सराहना की।

# नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने बस्तर सीट पर चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले नक्सलियों ने भाजपा नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की मंगलवार देर रात कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस घटना को बाहर से आए नक्सलियों ने अंजाम दिया है। दास को नक्सली पहले भी मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दास की हत्या कर दी।

# आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सात चरणो में होने वाले चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलीकॉप्टर का प्रबंध किया गया है। इसकी सहायता से आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही ये चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाने में भी मददगार होगी।

योजना के मुताबिक एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा। ये एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। दरअसल, राज्य में लोकसभा चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इस दौरान किसी भी संकट का सामना करने के लिए इनको हायर किया गया है। हर चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में उप्र. के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके तहत हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में और एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है।

दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात रहेंगे। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में तैनात होंगे। 13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में होंगे। पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में रहेंगे।

### इस पर खर्च होंगे कुल 39.20 लाख रुपये

आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकीय मदद के साथ ही सुरक्षाबलों को लाने व ले जाने में यह हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार होंगे। इससे प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5 .60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से कुल 39 .20 लाख रुपये का खर्च आएगा। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उप्र. नागरिक उड्डयन विभाग एवं उप्र. पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### आयोग की कार्रवाई में अब तक 18,14,807 लोग पाबंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आचार संहिता के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदेश भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अफसरों के मुताबिक, शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 23,94,541 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस दिए गए हैं, जिनमें से 18,14,807 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। यही नहीं अवैध शस्त्र बनाने वाले केंद्र सीज किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 अप्रैल 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4275 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 6744 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6822 कारतूस, 2853.5 किग्रा विस्फोटक व 357 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2528 स्थानों पर रेड डाली गई और 129 को सीज किया गया।

# असली राम भक्त वो जो सत्य के पथ पर चलते हैं

## कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड शो, कहा- मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि असली राम भक्त वो जो सत्य के पथ पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका सहारनपुर में रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद को जिताने के लिए लोगों से उनके पक्ष में मतदान की अपील की।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो सत्ता में बैठे हैं, वह माता शक्ति और सत्य के उपासक नहीं हैं, 'सत्ता' के उपासक हैं। वे सत्ता के लिए किसी भी हद तक गिर जाएंगे। सत्ता के लिए सरकारें गिरा देंगे, विधायकों को खरीदेंगे, अमीरों को देश की संपत्ति दे देंगे। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि राम सत्ता के लिए नहीं, सत्य के लिए लड़े, इसलिए हम उनकी पूजा करते हैं। प्रियंका ने कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है और मोदी सत्ता को पूजते हैं सत्य को नहीं।

इससे पहले उन्होंने सहारनपुर से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए प्रदेश में पहला रोड शो किया। लगभग 25 मिनट में 1.5 किलोमीटर की यात्रा की। प्रियंका गांधी ने सड़क के किनारे बड़ी संख्या में खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उनमें से कुछ से हाथ भी मिलाया। प्रियंका गांधी के साथ गाड़ी पर कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद, जिला पार्टी प्रभारी गणेश दत्त और अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

**इन जगहों से गुजरा रोड शो :** रोड शो रायवाला, जेबीएस इंटर कॉलेज, कम्बोह का पुल, रांघडो का पुल और कुतबशेर होते हुए अधिकतर क्षेत्र मुस्लिम आबादी से गुजरा और लकड़ी बाजार, कम्बौह का पुल, रांघड़ो का पुल, कुतुबशेर होते हुए गुरू सिंघ सभा गुरुद्वारा पर संपन्न हुआ।

### जनता के मुद्दों पर होना चाहिए चुनाव

प्रियंका गांधी ने कहा कि वह हर जगह यही कह रही हैं कि ये चुनाव जनता का होना चाहिए, जनता के मुद्दों पर होना चाहिए। मोदी और भाजपा के नेता बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, महिलाओं की बात नहीं कर रहे हैं। असली समस्याएं महिलाओं-किसानों की है, उनके बारे में बात ही नहीं हो रही है। बात इधर-उधर की ध्यान भटकाने की हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता पर अन्याय करने वाली भाजपा की विदाई तय है।


सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करतीं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा।

### इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम से खुली भाजपा की पोल

प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेबें भरी हैं। गरीब को कुछ नहीं मिला। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भी भाजपा लेकर आई थी और वह इस सूची के नाम गोपनीय रखना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भाजपा की पोल खुल गई।

### राम के साथ सुनाई पैगंबर की कहानी

प्रियंका ने कहा कि मोदी का ध्यान गरीबों की तरफ नहीं धन्नासेठों की तरफ है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने राम के साथ पैंगबर की कहानी सुनाई। प्रियंका गांधी ने अभिनेत्री कंगना रनौत के उस बयान को 'नॉनसेंस' (बेकार की बात) बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गांधी भाई-बहन राजनीति के लिए फिट नहीं हैं। कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

## आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी विभाग को मिला बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष विभाग अंतर्गत आयुर्वेद विभाग, यूनानी व होम्योपैथी विभागों को नये वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा आयुर्वेद विभाग को वेतन मद और विभिन्न मानक मदों के स्वीकृत बजट 12 अरब 97 करोड़ 59 लाख 49 हजार रुपये विभाग को भेज दिये गये हैं। साथ ही यूनानी विभाग को एक अरब 42 करोड़ 21 लाख 51 हजार रुपये दिये गये हैं। आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथी के स्वीकृत बजट से प्रयागराज स्थित राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को मरम्मत आदि कार्यों के लिए बजट जारी किया गया है। कॉलेज द्वारा अस्पताल की ओपीडी व शैक्षिक भवन के अलावा सीवर लाइन, नाली निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये की मांग हुई थी, शासन द्वारा स्वीकृत छह करोड़ 57 लाख रुपये में एक करोड़ की पहली किस्त जारी की गई है।

# हीट वेव से बचाव के लिए बनेंगे कोल्ड रूम


## सभी अस्पताल निदेशकों और सीएमओ को तैयारी करने के दिए गए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अस्पताल में व्यवस्थाओं के साथ ही लू से बचाव के लिए लोगों में बढ़ाई जाएगी जागरूकता**

**अमृत विचार :** दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है, यही स्थिति बनी रही तो मई तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हीट वेव से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को एक बार फिर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए विभागीय अधिकारियों को हीट बचाव के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की इमरजेंसी समेत वार्डों में इलाज के साथ ही पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाये ताकि बेड के अभाव में मरीज को लौटना न पड़े।

प्रमुख सचिव ने हीट वेव से बचाव संबन्धी गाइडलाइन के अनुसार अस्पतालों को तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि हीट वेव(लू) के मरीजों को ठंडा करना जरूरी होता है। इसके अलावा उन्हें फ्लूड चढ़ाया जाता है। इसलिए हीट वेव से प्रभावित मरीजों के



इलाज में कोल्ड रूम बनाने के निर्देश दिए गये हैं। मंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चार-छह बेड के कोल्ड रूम बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी की जायेगी, जिसके अनुसार सभी अस्पतालों को व्यवस्था करनी होगी।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि गर्मी के दिनों में लू समेत संक्रामक रोगियों की संख्या बढ़ती है, इसलिए सभी जिलों के सीएमओ को संक्रामक रोगियों के इलाज की पुख्ता व्यवस्था व बचाव संबन्धी जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। कोई भी संक्रामक रोगी बगैर इलाज न वापस जाये, इसके लिए इमरजेंसी में बेड आरक्षित किये जायेंगे। साथ ही संक्रामक रोग प्रभावित क्षेत्र में बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए सघन जांच व इलाज की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र स्थित अस्पतालों में एंबुलेंस की 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी भी स्थिति को नियंत्रण में किया जा सके।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाएं जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के तहत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंडल के समस्त जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों से बैठक करने के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारी निरीक्षण कर लें।

# योगी ने कन्याओं के पांव पखारे


नवरात्र की नवमी पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के दौरान बच्ची के पांव धोते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरखपुर पहुंचकर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।

# बढ़ेंगे टेली कॉलर, दूर होगी 1962 की वेटिंग

## शासन ने पशुओं की उपचार सेवा का लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**निदेशालय में बनी सुधार की रूपरेखा, बढ़ाएंगे लाइनअप**

**अमृत विचार :** पशुओं के उपचार में फेल 1962 सेवा में सुधार होने की उम्मीद है। आकस्मिक स्थिति में टोलफ्री नंबर न लगना और लगने पर वेटिंग जाना और मौके पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एंबुलेंस) न पहुंचना इन सभी खामियों को दूर करने की मंगलवार को पशुपालन निदेशालय में रूपरेखा तैयार की गई है। तमाम जिलों की शिकायतों को देखते हुए 1962 कंट्रोल रूम में कॉल अडेंट करने वाले टेली कॉलर कम बताए गए। जिनकी संख्या बढ़ाकर लाइनअप बढ़ाई जाएगी। इससे 1962 मिलाने पर वेटिंग नहीं जाएगी और फौरन कॉल अटेंड कर मोबाइल वेटरनरी यूनिट



भेजी जाएगी। फोन पर भी परामर्श दिया जाएगा।

दरअसल, 1962 सेवा का संचालन प्रदेश में पांच कंपनियां मनमाने तरह से कर रही हैं। सभी के नियम अलग हैं। कर्मचारियों के वेतन में भारी कटौती तो अवकाश भी मनमाने तरह से देने से सेवा प्रभावित है। इस तरह की शिकायतें विभाग से छिपी नहीं हैं और नियंत्रण नहीं है। इस वजह से संचालन में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं और पशु पालक निजी व सरकारी चिकित्सकों के ही सहारे हैं। जिसका शासन ने संज्ञान लिया है।

### प्रचार से ज्यादा उपचार जरूरी

गाइडलाइन के मुताबिक, जिलों पर कुछ एंबुलेंस कैंप यानी जागरूकता प्रचार तो कुछ उपचार में रोजाना होती हैं। इस वजह से उपचार वाली एंबुलेंस पर कॉल का भार ज्यादा होता है और किसी केस में होने पर दूसरी कॉल पर समय से नहीं पहुंच पाती है। ऐसी स्थिति में बीमार या एक्सीडेंटल पशु दम तोड़ देते हैं। यदि टोलफ्री नंबर में सुधार हुआ तो भी यही स्थिति बनी रहेगी। इसके लिए सभी एंबुलेंस को उपचार में लगाया जाए तो सुधार हो सकता है।

# आरोपी की तलाश में एसटीएफ टीम पहुंची बिहार, डाला डेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**आरओ-एआरओ प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपी की तलाश तेज**

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी सुभाष प्रकाश की तलाश तेज हो गई है। एसटीएफ ने सूचना के आधार पर बिहार में छापा मारा है। हालांकि अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश से प्रश्नपत्र पहले बिहार गया है, फिर यूपी पहुंचा है। प्रश्नपत्र बिहार में किसने मंगवाया, कहां पर प्रश्नपत्र पढ़वाने को लेकर प्लानिंग की गई, एसटीएफ इसकी भी जांच कर रही है।

गौरतलब हो कि आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में एसटीएफ ने अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अभी तक कई आरोपी रिमांड पर हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रश्नपत्र लीक कराने में सुभाष प्रकाश की बड़ी भूमिका का पता चल रहा है। लेकिन सुभाष प्रकाश पहुंच से दूर है। बिहार में होने की सूचना मिलने पर एसटीएफ की एक टीम बिहार पहुंची हुई है। देर शाम तक उसकी गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है। एसटीएफ के एक अफसर ने बताया कि प्रश्नपत्र की प्रति बिहार भी पहुंची थी। इसकी सूचना मिल रही है। इसी सूचना के आधार पर एसटीएफ बिहार पहुंचकर छापा मार रही है।

### एसटीएफ से सहयोग लेकर महाराष्ट्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराष्ट्र के ठाणे स्थित मानपाड़ा क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी घटना के आरोपियों को महाराष्ट्र पुलिस ने उप्र. एसटीएफ से सहयोग लेकर गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की छानबीन एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही कर रहे थे।

बुधवार को निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ टीम गोरखपुर एवं महाराष्ट्र पुलिस द्वारा अभियुक्त के संबंध में सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। पता चला कि अभियुक्त बबलू बनारसी कहार व चिन्टू चौधरी निषाद रेलवे स्टेशन रोड गोरखपुर पर मौजूद हैं। इस दौरान मौके पर पहुंची एसटीएफ टीम व महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह ठाणे जिले के थाना मानपाड़ा क्षेत्र में एक मकान में चोरी करने की योजना बनाई। इसके बाद चिन्टू निषाद ने उस मकान की निगरानी करना शुरू कर दिया। मौका देखकर रात में छत के रास्ते मकान के अन्दर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था और वहां से अपने गांव जनपद सिद्धार्थनगर भाग आये थे।

## संविधान पर लगातार हमला कर रही भाजपा सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने आरोप



लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमला कर रही है। बुधवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी कोशिश बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान को बदल कर पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और महिलाओं के दिए गए अधिकारों को छीनने की है। उन्होंने कहा, सपा भाजपा की संविधान और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ती रही है।

# रवि किशन पर आरोप लगाने वाली महिला पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**सांसद की पत्नी ने हजरतगंज कोतवाली में दी तहरीर, 20 करोड़ रंगदारी मांगने का आरोप**

**अमृत विचार:** अभिनेता व गोरखपुर से बीजेपी सांसद रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली मुंबई निवासी अपर्णा ठाकुर समेत छह पर बुधवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला ने दी तहरीर में अपर्णा पर 20 करोड़ रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने कहा कि जांच में मिले तथ्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सांसद पति के बचाव में उतरीं पत्नी प्रीति शुक्ला ने तहरीर में बताया अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने अपने संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से होने की धमकी दी। कहा यदि हमारी बात नहीं मानी तो तुम्हारे पति को दुष्कर्म के मामले में फंसा कर बदनाम कर दूंगी। प्रीति ने बताया कि अपर्णा द्वारा ब्लैकमेल कर 20 करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के मामले में उन्होंने मुंबई में भी शिकायत की थी। लेकिन अपर्णा नहीं मानी और 15 अप्रैल को लखनऊ में रवि किशन पर झूठे आरोप लगाए। कहा, अपर्णा लगभग 35 साल से शादीशुदा है। इसका पति राजेश सोनी, बेटी सालशीनोवा सोनी और एक बेटा भी है। प्रीति शुक्ला का आरोप है कि अपर्णा का परिवार सपा के नेता और कुछ अन्य संग मिलकर उनके परिवार के खिलाफ साजिश रच रहा है।


सांसद रविकिशन व उनकी पत्नी प्रीति।

### रिपोर्ट में छह लोगों के नाम शामिल

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, राजेश सोनी, सालशीनोवा सोनी, सौनक सोनी, विवेक कुमार पांडेय मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी और खुर्शीद खान राजू न्यूज टाईम नेशन व अन्य अज्ञात शामिल हैं।

# बायोमैट्रिक कंपनी का फील्ड मैनेजर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**परीक्षा में धांधली करते पकड़े गए आरोपियों की मदद का आरोप**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 की सीधी भर्ती की ऑफलाइन लिखित परीक्षा में खेल करने वाले बायोमैट्रिक कंपनी के फील्ड मैनेजर को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह बायोमैट्रिक (गेट पर बायोमैट्रिक कराती है) कम्पनी का फील्ड मैनेजर है। उसने ही परीक्षार्थी को बायोमैट्रिक एजेन्सी का कार्ड बनाकर दिया तथा परीक्षा केन्द्र के गेट पर उसकी ड्यूटी लगा दी थी।

एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश शाही ने बताया कि 16 अप्रैल को सूचना मिलने पर गोरखनाथ ओवर ब्रिज के पास से आकाश राव को गिरफ्तार कर लिया गया।

धर्मेश शाही ने बताया कि 17 फरवरी 2024 को परीक्षा केन्द्र इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स, बख्शीपुर, गोरखपुर से परीक्षा दे रहे साल्वर अंजनी कुमार उर्फ मनीष सिंह को दुर्गेश यादव उर्फ अंकित के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था।

# मेदांता ने ओपी राजभर के आरोपों का किया खंडन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अस्पताल प्रशासन ने कहा, राजभर की मां 8वें दिन डिस्चार्ज हुई थीं, आठ दिन में खर्च हुए करीब चार लाख**

**अमृत विचार :** मेदांता अस्पताल ने बुधवार को सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा अपनी मां जितना देवी (79) के निधन के बाद लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कैबिनेट मंत्री की मां, आठ दिन आईसीयू में भर्ती रही थीं और बेहतर स्वास्थ्य लाभ के बाद मरीज को डिस्चार्ज किया गया था, अगर ठीक न होतीं तो रेफर किया जाता।

अस्पताल प्रशासन द्वारा बताया गया कि वह 8 मार्च को गंभीर हालत में भर्ती हुई थीं, सभी जरूरी जांचें कराने के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उचित इलाज प्रदान किया गया था, जिसमें कुल खर्च चार लाख 9 हजार रुपये आया था। मरीज मां की बीमारी और इलाज से संबन्धित समस्त जानकारी परिवारजनों को रोजाना दी गई है। संतुष्ट परिवारजनों ने सहमति भी दी थी।

मालूम हो कि ओम प्रकाश राजभर की मां का निधन केजीएमयू में 11 अप्रैल को हो गया था। जिसके बाद उन्होंने मेदांता अस्पताल पर चार दिन में चार लाख वसूलने के आरोप लगाये थे, कहा कि हम मंत्रियों के साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है तो सामान्य मरीजों के साथ तो कुछ भी हो सकता है।

# डॉक्टरों को मिलेगी प्रोन्नति, होंगी नई नियुक्तियां

## स्वास्थ्य विभाग में 9 वर्ष बाद 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन को भेजा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अनुमोदन मिलते ही करीब 2196 पद हो जाएंगे रिक्त**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में 9 वर्ष बाद ग्रेड वन के डॉक्टरों का प्रमोशन होगा और उन्हें ग्रेड टू में पदोन्नति मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने ग्रेड वन के 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन में भेज दिया है, अनुमोदन मिलते ही, संभवतः ग्रेड वन में करीब 2196 पद रिक्त हो जायेंगे और नई नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वास्थ्य विभाग में 2012 में और बाद में नियुक्त होने वाले चिकित्सकों को प्रोन्नति नहीं मिली, विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन 2015 में अंतिम बार हुए थे। जिसमें 2011 तक नियुक्ति पाने वाले डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गई थी।



विभागीय लापरवाहियों की वजह से नियुक्ति पाने वाले चिकित्सकों को विभाग में वरिष्ठता क्रम तक नहीं जारी हो सके। लिहाजा ग्रेड वन के प्रमोशन रुक गये। इतना ही नहीं साल 2018 में विभाग की नई नियमावली बनने के बाद तकनीकी दिक्कतें बढ़ गईं और चिकित्सकों को चार साल की नौकरी के बाद मिलने वाली पदोन्नति नहीं मिली। लिहाजा, विभाग में नई सेवा नियमावली के बाद ग्रेड वन में निर्धारित 3620 पद के सापेक्ष डॉक्टरों की संख्या बढ़कर करीब छह हजार से ज्यादा हो गई। पद रिक्त न होने की वजह से विभाग में ग्रेड वन के रेगुलर पदों पर नियुक्ति नहीं हो रही थी। वहीं ग्रेड टू में पदों की संख्या 7240 में अधिकांश पद रिक्त लंबी अवधि से रिक्त चल रहे हैं।

कमोवेश यही हाल ग्रेड थ्री का भी है, ग्रेड टू में प्रमोशन न होने से तमाम पद खाली हैं। विभाग की 2018 में नई सेवा नियमावली बनने के बाद बीते साल जनवरी 2023 में ग्रेड वन के 5257 डॉक्टरों को वरिष्ठता क्रम जारी होने के बाद मौजूदा समय में डॉक्टरों की संख्या 6949 पहुंच गई है।

### ग्रेड वन में 3620 पद

विभाग में चिकित्सकों के 19011 पद हैं, ग्रेड वन में 3620, ग्रेड टू में 7240, ग्रेड तीन में 5199, ग्रेड चार में 2825, ग्रेड पांच में 105, ग्रेड छह में 19 और ग्रेड सात में तीन पद हैं। विभाग में नियुक्ति के बाद चार साल की नौकरी करने के बाद ग्रेड वन से ग्रेड टू में प्रोन्नति का प्रावधान है।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों को प्रोन्नति मिलने के बाद विभाग में ग्रेड वन के पद रिक्त हो जायेंगे, रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए उप्र लोक सेवा आयोग में अधियाचन भेजा जायेगा। पूर्व की तकनीकी दिक्कतों को खत्म कर लिया गया है।
>
> -डॉ.राजा गणपति, निदेशक स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ

# राजनाथ को रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान

**अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर की कार्यों की सराहना**

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में पुराने लखनऊ के बालागंज में रविवार को आदेश सिंह के चेंबर में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर इस बार रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान किया। विधायक पंकज सिंह एवं विधायक नीरज बोरा ने राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र की अनगिनत उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि राजनाथ सिंह ने लखनऊ को एक अलग पहचान दी है।

कार्यक्रम के आयोजक पार्षद अनुराग मिश्र अन्नू, वरिष्ठ अधिवक्ता आदेश सिंह, विनय सिंह एवं बार कौंसिल यूपी के वाइस चेयरमैन प्रशांत सिंह अटल ने भी राजनाथ सिंह के कार्यों की सराहना की। बैठक में अधिवक्ता अशोक सिंह, राहुल सिंह, सुरेश पाण्डे, सीबी सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, विनय सिंह, संजय त्रिवेदी, उदय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

# आग की घटनाओं से निपटने के लिए अब तक नहीं बना फायर स्टेशन

- कहीं जमीन मिली तो कहीं नहीं मिली स्वीकृति
- हर साल होता है किसानों का भारी नुकसान

धर्मेन्द्र प्रधान

**रायबरेली।** तेज हवाओं के साथ गर्मी का मौसम आते ही जिले में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। जिससे एक ओर जहां लोगों की गृहस्थी जलकर राख हो जाती है, वहीं फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचता है। फसलों के तैयार होने के बाद किसान हमेशा चिंतित रहता है। जिले के एक तहसील में फायर स्टेशन न होने की वजह से वहां के लोगों को अग्निकांड की घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में अगर आगजनी हो जाती है तो आग पर काबू पाना मुश्किल होता है।



डिग्री कॉलेज से सिविल लाइन रोड पर स्थित फायर स्टेशन।

> विभाग द्वारा जहां भी जरूरत है वहां पर फायर स्टेशन बनाए जा रहे है, चुनाव बाद जल्द ही जहां जमीन मिल गई है और स्वीकृति हो गई है वहां भवन निर्माण शुरू होगा। जहां कुछ दिक्कते है वहां भी दिखवाया जाएगा। आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।
>
> **सुनील सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी रायबरेली।**

हालांकि ऊंचाहार तहसील में अस्थायी तौर पर चल रही फायर सर्विस के लिए फायर स्टेशन बनाने की स्वीकृति मिल गई है लेकिन भवन का निर्माण नहीं हो सका। जबकि डलमऊ तहसील में फायर स्टेशन के लिए जमीन तो मिल गई लेकिन शासन से स्वीकृति नहीं मिल पाई। जिससे यहां पर भी फायर स्टेशन लोगों के लिए एक सपना ही रह गया है। डलमऊ तहसील में नगर पंचायत सहित सैकड़ों की संख्या के गांव है। बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां निवास करते हैं। गर्मी के सीजन में यहां पर हर वर्ष सैकड़ों स्थानों पर अग्निकांड की घटनाएं होती है। जिससे किसानों के साथ आम आदमी को भी काफी नुकसान होता है।

आग लगने की घटना पर जब तक फायर सर्विस की गाड़ी पहुंचती है तब तक सब कुछ स्वाहा हो जाता है। ऐसे में यहां पर फायर स्टेशन की मांग लोगों ने कई बार की लेकिन उनकी मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी। फायर स्टेशन बनाने के लिए कई वर्ष पूर्व विभाग ने जमीन चिन्हित कर अधिग्रहित कर लिया था लेकिन फायर स्टेशन आज भी नहीं बन सका। वहीं ऊंचाहार तहसील क्षेत्र भी काफी बड़ा क्षेत्र है लेकिन यहां भी फायर के इंतजाम नाकाफी है। तहसील में बने अस्थायी सेंटर से ही सेवाए चलती है जबकि शासन ने यहां फायर स्टेशन की स्वीकृति दे दी है बावजूद उसके आज भी यहां पर भवन नसीब नहीं हुआ है।

### आगजनी की घटना पर ऊंचाहार व लालगंज से जाती है गाड़ियां

डलमऊ में अगर आग लग जाती है तो उसको काबू करने के लिए ऊंचाहार य लालगंज की फायर सर्विस गाड़ी जाती है। दोनों स्थानों की दूरी लगभग 18 से 20 किलोमीटर की है। ऐसे में अगर जरा भी समय लग गया तो बड़ा नुकसान होता है। फिलहाल क्षेत्र के लिए फायर स्टेशन बेहद जरुरी है।

## आज डीह और छतोह आएंगी स्मृति इरानी

**परशदेपुर, रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी आज छतोह और डीह में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी। छतोह ब्लॉक के ग्राम हाजीपुर, बभनपुर, बिरनावां मोड़ पर प्रतिभा राइस मिल, नसीराबाद नगर पंचायत के पास व रहीमगंज चौराहे पर आयोजित सामाजिक व कार्यकर्ता सम्मेलनों में भाग लेंगी। उसके बाद वो डीह ब्लॉक में मऊ बाजार, उछैला बाग, जगदीशपुर, दिलावलपुर, पदमनपुर बिजौली में सलोन विधायक अशोक कुमार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## सार-संक्षेप

### सर्पदंश से युवक की मौत, कोहराम



अखिलेश (फाइल फोटो)

**महराजगंज, रायबरेली।** सेमरहा मजरे सिकंदरपुर गांव में पितम्बर के घर में मंगलवार रात को परिवारीजनों ने सांप देखा। इसकी जानकारी होते ही मुहल्ले के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और सांप भगाने का प्रयास करने लगे। तभी सांप ने अखिलेश को डस लिया। जिसका इलाज देशी जड़ी बूटियों से किया गया। बुधवार सुबह जब अखिलेश की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान अखिलेश की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अखिलेश के पुत्र कार्तिक व पुत्री खुशी का रो रो कर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने बताया कि करीब 5 वर्ष पहले दुर्घटना में कार्तिक व खुशी की मां संजू की मौत हो गई थी। जिसके बाद बेटे व बेटी पिता अखिलेश के सहारे ही पल रहे थे। बुधवार सुबह अखिलेश की सर्पदंश से हुई मौत के बाद दोनों बच्चों के सर से मां-बाप का साया भी छिन गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पहुरावां गांव का रहने वाला दशरथ लाल पुत्र रतीपाल घर से बुधवार सुबह गेहूं की फसल काटने को कह कर गया था। सुबह जब ग्रामीण पहुंचे तो संदिग्ध परिस्थितियों में दशरथ लाल का शव खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो दशरथ लाल की मौत हो चुकी थी। घर पर सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि किसी जहरीले जंतु के काटने से प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### गैस रिसाव होने से पाइप में लगी आग, किशोरी झुलसी



जिला अस्पताल में भर्ती किशोरी।

**सतांव, रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की सुबह गैस के रिसाव होने से पाइप में आग लग गई। जिससे चाय बना रही किशोरी गंभीर रूप से झुलस गयी। किशोरी को आनन-फानन सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरूबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे कोरिहर निवासी शैलेश की पुत्री सरिता बुधवार की सुबह किचन में चाय बना रही थी। चाय बनाते समय उसका ध्यान बंट गया, तभी गैस का रिसाव होने से गैस चूल्हे की पाइप में आग लग गई जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। परिवारजनों ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया। इसके बाद आग से झुलसी किशोरी सीएचसी जतुआ टप्पा ले जाया गया, जहां हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने सरिता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### चौथे दिन चालू की गई एनटीपीसी की बंद यूनिट

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** तकनीकी खराबी के कारण बीते रविवार को बंद की गई एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या 2 को चालू कर दिया गया है। बुधवार सुबह चालू की गई इस यूनिट को पूरे भार पर लाने का प्रयास जारी है, जिससे एनटीपीसी में विद्युत उत्पादन बढ़ गया है। ज्ञात हो कि एनटीपीसी की यूनिट संख्या दो के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव के कारण रविवार की रात करीब 11 बजे बंद कर दिया गया था। इसमें रात-दिन मरम्मत का काम किया गया। उसके बाद बुधवार की सुबह इस यूनिट को चालू कर दिया गया। प्रारंभिक प्रक्रिया के तहत अभी यूनिट को ऑयल गन पर चलाया जा रहा है। पूरे भार पर आने के बाद इसे कोयले पर चलाया जायेगा। ऊंचाहार परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1550 मेगावाट के सापेक्ष बुधवार को 1100 मेगावाट का उत्पादन हो रहा था। यूनिट संख्या दो के पूरे भार पर आने के बाद उत्पादन बढ़ जाएगा।

### राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की चुनावी चर्चा

**लालगंज, रायबरेली।** स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को ऐहार में भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी के आवास पर चाय पर चुनावी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के योगी सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि आज प्रत्येक घर प्रत्येक व्यक्ति मोदी की योजनाओं से लाभान्वित है। घर-घर मोदी की योजनाएं पहुंची हैं। इस अवसर पर रमेश शुक्ला, रामविलास लोधी, उमेश सिंह, जेपी सिंह, पूर्व प्रधान राज किशोर सिंह बघेल, पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह, संजय सिंह, लक्ष्मी शंकर तिवारी, सज्जन निर्मल, विशाल निर्मल आदि लोग मौजूद रहे।

### महात्मा ने किया सद्गुरू का गुणगान

**जगतपुर, रायबरेली।** बुधवार को जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा विजय बहादुर ने की सद्गुरु का गुणगान करते हुए कहा कि सतगुरु ही इस संसार रूपी भवसागर से पार उतार सकते हैं। जब जीवन में पूर्ण सद्गुरु आ जाता है तो इस प्रभु परमात्मा का दीदार होता है। जिन-जिन के हिस्से में साधो ज्ञान उजाला आया है। ब्रांच प्रबंधक एवं ज्ञान प्रचारक बसंतलाल ने आए हुए सभी साध संगतों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर संजय सिंह, बसंत सिंह, शिव मूरत, साहिल, रेखा, मीरा दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# एम्स में छोटा चीरा लगाकर की गयी स्पाइन की पहली सर्जरी

- छोटे से चीरा का उपयोग कर की गई सर्जरी, मरीज स्वस्थ
- पूरी सर्जरी में एक टांके का हुआ उपयोग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में पहली बार मिनिमली इनवेसिव स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी की गई। न्यूरो सर्जरी विभाग के न्यूरो सर्जन सभी प्रकार की न्यूरो सर्जरी कर मरीज को बीमारी से निजात दिलाने में महारत हासिल की है। सुल्तानपुर जिला से आए 40 वर्षीय युवक काफी समय से स्पाइन की समस्या से परेशान था। उसने दूसरे शहर में इसका इलाज भी कराया लेकिन उसे किसी भी तरह का फायदा नहीं हुआ। इसके बाद युवक ने एम्स मुंशीगंज के न्यूरो सर्जरी विभाग से ओपीडी में अपना इलाज शुरू किया। मरीज को देखने के बाद डॉक्टर ने सर्जरी करने का फैसला लिया। मरीज की सहमति मिलने पर डाक्टर ने मरीज को भर्ती कर सर्जरी किया। सर्जरी करने में लगभग चार घंटे का समय लगा। अधीक्षक प्रो डा सुयश सिंह ने बताया कि प्रो डा अरुण गौड़ा, डा अरविंद सुमन, डा कालीचरण की सहायता से यह सर्जरी की गई है। इस सर्जरी में पारंपरिक विधि की तुलना में इस विधि के माध्यम से एक छोटा चीरा लगाकर स्पाइन की सर्जरी की जाती है। इस सर्जरी के माध्यम से मरीज को बहुत जल्द आराम मिलता है। दो से तीन दिन में मरीज चलने फिरने लगता है। इसके बाद मरीज को घर भेज दिया जाता है।



एम्स में मरीज की सर्जरी करते चिकित्सक।

> निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी के कुशल नेतृत्व में यहां पर मौजूद सभी विभाग पूरी सक्रियता से संचालित हो रहे हैं। नई तकनीक व विधि के उपयोग से यह सर्जरी की गई है। मरीज को काफी दिक्कत थी। मरीज रेफर होकर आया था। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है।
>
> **-प्रो डा सुयश सिंह, अधीक्षक न्यूरोसर्जन, एम्स।**

> इस तकनीक का उपयोग कर सफल सर्जरी करने पर पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा की एम्स के संचालित विभाग पूरी सक्रियता से काम कर रहे है। जिसका लाभ शहर व दूर दराज से आने वाले मरीज भरपूर लाभ ले रहे है।
>
> **-प्रो डा अरविंद राजवंशी, निदेशक, एम्स।**

मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी रीढ की हड्डी पर एक प्रकार की सर्जरी है। इस मरज मे स्पाईन की हड्डी आगे पीछे हो जाती है। प्रकार की सर्जरी में मानक सर्जरी की तुलना में छोटे चीरा का उपयोग किया जाता है। इससे अक्सर आसपास की मांसपेशियों का नुकसान नही होता है। इससे सर्जरी के बाद दर्द व तेजी से रिकवरी हो होती है।

# प्रेम विवाह के दो माह बाद पत्नी को चाकू से गोद डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में कछुआ तालाब के पास कटरा इलाके में प्रेम विवाह के दो महीने बाद ही पति ने पत्नी को चाकू से गोद डाला। पति ने पत्नी के चेहरे, गले, सीना, पेट और प्राइवेट पार्ट पर अनगिनत वार कर मौत की नींद सुला दिया। इसके बाद आरोपी किराये का कमरा बाहर से बंद कर फरार हो गया और अपने गांव रायबरेली ऊंचाहार के पूरे इमलिया पहुंचा और वहां से बुधवार दोपहर मकान मालिक को वारदात की जानकारी देने के बाद खुद फांसी लगाने की बात कहकर फोन बंद कर लिया। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने कमरे से शव कब्जे में लिया। एसीपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें रवाना की हैं। पनकी के रतनपुर में रहने वाली मंजू के पति की कई वर्ष पहले मौत हो गई थी। उनके तीन बेटियां कंचन, ज्योति और गुंजन गुप्ता हैं। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। मंजू अलग-अलग बेटियों के साथ रहती थीं। 24 साल की गुंजन गुप्ता की शादी 10 वर्ष पहले सीटीआई निवासी महेंद्र से हुई थी। शादी के छह माह बाद ही गुंजन का तलाक हो गया था। इन दिनों लगभग एक वर्ष से वह पनकी कटरा निवासी कामता प्रसाद राजपूत के मकान में किराये पर रह रही थी और दवा की कंपनी में काम करती थी। इसी मकान में ऊपरी मंजिल पर रायबरेली के ऊंचाहार पूरे इमलिया गांव निवासी शिवा रहता था। शिवा पावर हाउस में किसी बिल्डर के साथ काम कर रहा था। इस दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गए थे और दोनों ने 13 फरवरी 2024 को शादी कर ली थी। पड़ोसी शिल्पी ने बताया कि अक्सर गुंजन उसे बताती थी कि शिवा बहुत पिटाई करता है। दो दिन से गुंजन का कमरा बंद देख मकान मालिक से कहा था लेकिन मकान मालिक ने कोई ध्यान नहीं दिया। बुधवार दोपहर मकान मालिक कामता प्रसाद के फोन पर शिवा की कॉल आई और उसने कहा कि उसने गुंजन की हत्या कर दी है और खुद फांसी लगाने जा रहा हूं।

> मकान मालिक की सूचना पर पुलिस को वारदात की जानकारी हुई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की है। हत्यारोपी की तलाश में तीन टीमें भेजी गई हैं।
>
> **-तेज बहादुर सिंह, एसीपी पनकी**

## सालों से पैदल जाती थी स्कूल, चिकित्सक ने छात्रा को दिया उपहार में साइकिल

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** होनहार छात्रा कई सालों सात किमी पैदल चलकर नियमित समय से स्कूल पहुंचती थी। परिवार की स्थित ऐसी नहीं थी कि उसे साइकिल खरीदकर दे सके। छात्रा के बारे में जानकारी नगर के एक चिकित्सक को हुई तो उन्होंने स्कूल पहुंचकर उसे उपहार स्वरूप साइकिल प्रदान की और अच्छे अंकों के साथ आने वाली परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी है।

मामला क्षेत्र के पंडित जगदीश प्रसाद स्मारक विद्या निकेतन इंटर कालेज लक्ष्मीगंज का है। क्षेत्र के गांव पूरे टेकउ मजरे धमोली की छात्रा कुमारी प्रतीक्षा यहां कक्षा आठ में पढ़ती है। इनके घर से विद्यालय की दूरी करीब सात किमी है। यह छात्रा प्रतिदिन पैदल चलकर समय से स्कूल पहुंचती थी। पढ़ने के होनहार इस छात्रा की पारिवारिक आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। जिसके कारण वह साइकिल नहीं खरीद सकती थी। उसकी दशा और उसकी शैक्षिक रुचि की जानकारी ऊंचाहार नगर के नारायण हॉस्पिटल के चिकित्सक दंपति डा शिव कुमार त्रिपाठी और डा सीमा त्रिपाठी को हुई तो वह विद्यालय पहुंचे और छात्रा को अपनी तरफ से एक साइकिल भेंट की। नारायण हॉस्पिटल के संचालक डॉ दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना बड़ा पुण्य है। वह हमेशा ऐसे लोगों की मदद करते रहेंगे।



छात्रा को साइकिल देते चिकित्सक।

## दो बाइकों की टक्कर से एक की मौत

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों को गंभीर हालत में सीएचसी अमांवा से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसिहा मजरे बैखरा गांव की है। गांव निवासी भगवानदीन पुत्र नारायण बुधवार की दोपहर बाइक पर सवार हो खेत गये। वहां से वापस लौटते समय कुसिहा गांव मोड़ पर पल्सर बाइक सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि भगवानदीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पल्सर पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तीनों को सीएचसी अमांवा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भगवान को मृत घोषित कर दिया। वहीं पल्सर सवार दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क पर आग का गोला बनी मैजिक, कूद कर बचाई जान

सूची, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले के रायबरेली-सलोन मार्ग पर बुधवार शाम एक मैजिक में शार्टसर्किट होने से वह आग का गोला बन गई। घटना के समय मैजिक में सवार लगभग एक दर्जन लोग कूद कर किसी तरह से अपनी जान बचाई। आग लगने से सड़क पर हड़कम्प मच गया कुछ समय के लिए दोनों ओर आवागमन रुक गया। आग की सूचना मिलते ही पहुंची दमकल ने किसी तरीके से आग पर काबू पा सकी लेकिन तब तक मैजिक पूरी तरीके जलकर राख हो गई थी। आग ने जिस तरीके से तांडव मचाया गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

सूची निवासी सुरेश निर्मल बुधवार दोपहर बाद सलोन से मैजिक में सवारियां भरकर रायबरेली की तरफ आ रहा था तभी राजमार्ग के गढ़ी चौराहे के निकट अचानक मैजिक में आग लग गई। मैजिक में धुंआ देख चालक ने किसी तरीके से गाड़ी रोकी और उसमें सवार यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप रख लिया और मैजिक आग का गोला बन गई। उधर बीच सड़क पर आग लगने से दोनों तरफ गाड़ियां रुक गई। आनन-फानन में घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पहुंचे दमकल कर्मियों ने घण्टों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके।



मैजिक में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

### मानक तार-तार, फर्राटा भर रहे हैं डग्गामार

जिले की सड़कों पर फर्राटा भरने वाले वाहनों की जांच पड़ताल के लिए यातायात महकमा व परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी होते हैं। लेकिन घटना ने जिम्मेदारों की कलई खोलकर रख दी है। जिले में अनफिट व बदहाल वाहनों की भरमार है और यही वाहन जिले की सड़कों पर डग्गामारी करते हैं। लेकिन सेटिंग-गेटिंग के बाद ऐसे वाहनों की जांच पड़ताल नहीं होती है। इतना ही नहीं डग्गामार वाहनों से स्कूली बच्चे भी ढोए जाते हैं और उन वाहनों की भी अधिकारी जांच पड़ताल करना मुनासिब नहीं समझते है।

# कमीशन की दवाओं को लिख रहे चिकित्सक, मौन जिम्मेदार

- चिकित्सकों के इर्द गिर्द एजेंटों का रहता जमावड़ा, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राणा बेनी माधव जिला चिकित्सालय दलालों की मेहरबानी पर चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को दलाल बाहर ही सेटिंग कर लेते है। इसके बाद वे लाइन में खड़े हुए मरीजों को पीछे कर डॉक्टर के पास मरीजों को ले जाकर दिखा देते हैं। मरीजों का परीक्षण करते समय चिकित्सक जिला अस्पताल से मिलने वाली दवाओं के अतिरिक्त बड़ी मात्रा में बाहर से दवाएं खरीदने की पर्ची थमा देते है।इन दवाओं में 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक कमीशन होता है जिसका बंदरबांट दलाल और चिकित्सक के बीच में हो जाता है।



जिला अस्पताल के सीसीटीवी कैमर में कैद फुटेज। अमृत विचार

बाहर से खरीदने वाले दवाएं न तो जिला चिकित्सालय के अंदर स्थित जनऔषधि केंद्र में मिलती है और न ही जिला चिकित्सालय के बाहर स्थित सभी मेडिकल स्टोरों में मिलती है। ये दवाएं एक विशेष मेडिकल स्टोर में मिलती है। ये गोरखधंधा काफी समय से चल रहा है। दलाल का वीडियो वायरल होने के बाद जिला चिकित्सालय में हड़कंप मच गया है। इस बार बाहरी दलाल का जिला चिकित्सालय के अंदर की कारगुजारी का वीडियो वायरल होने के बाद जिला चिकित्सालय में हड़कंप मच गया है। तथाकथित दलाल जिला चिकित्सालय के कमरा नम्बर 29, 30, 31, 32 में चिकित्सकों में साथ मिलकर दलाली के कार्य को अंजाम देता रहा है।

> वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। इसकी जांच करवाई जाएगी। अगर जांच के दौरान जिस भी कमरे में ये लोग पाए जाएंगे तो उनके साथ-साथ संबंधित डॉक्टर के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **-डॉ. महेंद्र मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रायबरेली**

> वायरल वीडियो की जानकारी मुझे नही है। यदि ऐसा है तो ये मेरे कार्यक्षेत्र का मामला नही है। यदि संबंधित अधिकारी शिकायत करेंगे तो उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **-अमित सिंह क्षेत्राधिकारी नगर, रायबरेली**

### ट्रेनी छात्राओं के साथ हो सकती है अशोभनीय घटना

जिला चिकित्सालय में विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों की छात्राएं व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने के लिए आती है। बाहरी दलालों द्वारा इन छात्राओं के साथ कोई अशोभनीय घटना को अंजाम देने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऊंचाहार के डिग्री कॉलेज में इस प्रकार की घटना हो चुकी है। इसके बाद भी जिला चिकित्सालय प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।



दुर्गाजलि पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी पर बच्चों ने मचाया धमाल

**सरेनी, रायबरेली।** दुर्गाजलि पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में आज 9वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता भी शामिल हुए। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चे रंग-बिरंगे कपड़ों में नृत्य प्रस्तुत करते हुए बड़े आकर्षक लग रहे थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबसे ज्यादा प्रशंसा कक्षा 6 की छात्राओं नंदिनी सिंह एवं परी सिंह की प्रस्तुति "राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी" ने बटोरी। प्रिया यादव, श्रेया यादव, रुद्रांशी, सुरभि, जानवी यादव, अवनी, अनन्या, अवंतिका इत्यादि ने अपनी अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जन समुदाय का प्यार एवं आशीर्वाद अर्जित किया। संचालन सतीश अग्निहोत्री द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य पूजा शुक्ला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। प्रबंधक सुशील कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव एवं डा. शैलजा, राकेश पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# हवन पूजन के बाद कराया गया कन्या भोज

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** रामनवमी के दिन जहां मंदिरों व घरों में हवन व पूजा पाठ का सिलसिला जारी रहा। वहीं जगह-जगह कन्या भोज के भी आयोजन हुए। हसनापुर गांव में मां जानकी देवी के मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। सामूहिक तौर पर आयोजित इस भण्डारे में रज्जन बाजपेयी, मुन्ना तिवारी, पूर्व प्रधान रामचरण आदि का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इसी तरह मुरारमऊ स्थित मां अम्बिकादेवी मंदिर, भोजपुर स्थित मां फूलमती देवी मंदिर व विसायकपुर स्थित मां कटेश्वरी मंदिर में भी कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया।

इसके अलावा रालपुर स्थित उत्तरवाहिनी गंगातट पर आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान कोरवा की ओर से गुदड़ी बाबा की शिष्या मां सूर्यकुमारी के मंदिर में भी हर वर्ष की तरह कन्याभोज व भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में मां के भक्तों में शामिल डा. पवन अग्निहोत्री, डा. अंजनी अग्निहोत्री, दीप्ति सिंह, सतीश अग्निहोत्री, राजेश अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

उधर, आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान के तत्वाधान में बुधवार को उत्तर वाहिनी गंगा तट रालपुर में नवमी पर कन्या भोज कराया गया। जन मानस और समाज के बहुत सारे व्यक्तित्व सम्मिलित हुए, जिनमे राजेंद्र त्रिवेदी, दिलीप अग्निहोत्री, राम प्रकाश दीक्सित डॉ पवन अग्निहोत्री, डॉ राम भुषण, डॉ राहुल शुक्ला, डॉ अंजनी अग्निहोत्री, सोनू तिवारी आदि मौजूद रहे।


उत्तर वाहिनी गंगा तट रालपुर कें कन्या भोज करती कन्याएं।

## नवमी पर माता मिढुरिन मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**परशदेपुर, रायबरेली।** कस्बे के ऐतिहासिक माता मिढुरिन देवी धाम में चैत्र नवरात्र की नवमी पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कस्बे के उत्तरी छोर पर स्थित माता मिढुरिन देवी धाम कस्बा सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। पुजारी भोलानाथ तिवारी ने बताया कि नवमी पर काफी संख्या में भक्तों ने हवन पूजन कर पूर्णाहुति दी। पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित बजरंग बली की प्रतिमा पर भी श्रद्धालुओं ने माथा टेका। रामकरन पाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई असुविधा ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया।




शोभायात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

## रामनवमी

## भए प्रगट कृपाला दीनदयाला...

**संवाददाता, रायबरेली।** रामनवमी पर घर-घर कन्याओं के पांव पूजे गए। इसके बाद उन्हें कन्या भोज कराया गया। इसके अलावां जगह-जगह भक्तों द्वारा भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा व मंदिरों में जय-जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। सभी भक्त झूमते नजर आए।

## श्रीराम जन्मोत्सव की रही धूम

**नसीराबाद (रायबरेली)।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर जय श्रीराम के जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सबसे पहले भगवान श्रीराम की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघचालक देवेन्द्र कुमार ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इसके बाद शोभायात्रा निकली जो अशरफपुर मवैया से लहेंगा, श्री लखन इंटर कॉलेज, राजकली देवी, नई दुनिया होते हुए नसीराबाद रामलीला मैदान में समाप्त हुई। इस अवसर पर धर्म जागरण प्रमुख अक्षय शास्त्री संघ व संघ कार्यकर्ता रुद्रप्रताप, विजय साहू, हरिकेश, जय प्रकाश, विनोद मौर्य, विलेश साहू, अभय सहित राम भक्त मौजूद रहे।


शोभायात्रा में सजी झांकी। अमृत विचार

## रामनवमी पर जगह-जगह हुआ हवन पूजन

**सलोन, रायबरेली।** कस्बे के मनकामेश्वरी मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य पर ध्वजारोहण और हवन पूजन किया गया। गणेशगंज बाजार में सैकड़ों राम भक्तो ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में राम-सीता- लक्ष्मण व हनुमान की आकर्षक झांकी थी। कस्बे में बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद एवम हिन्दू युवा वाहनी की ओर से रामनवमी के पावन पर्व पर गणेशगंज बाजार स्थित शिव मंदिर एवं बस स्टेशन सलोन से बुधवार की दोपहर आकर्षक झांकी निकाली गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल जुलूस में मुस्तेद दिखे। राम नवमी का एक जुलूस बस स्टेशन सलोन तो दूसरा जुलूस गणेशगंज बाजार से निकाला गया। इस मौके पर राम सजीवन गौड़, संजय कुमार तिवारी, चंद्र शेखर रस्तोगी, गोपाल मोदनवाल, सचिन तिवारी, शुभम कौशल, रोहन साहू, शनि बाबा, अमन जायसवाल, सतेंद्र जोशी, इंद्रेश द्रिवेदी, लाली सलूजा, मोनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई रामनवमी, गंगा तट पर उमड़ी श्रद्धा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म दिवस नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के रूप में पूरी श्रद्धा व उल्लास के साथ पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इस मौके पर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। वासंतीय नवरात्रि का आखिरी दिन होने के कारण जगह जगह कन्या भोज भी आयोजित हुआ। क्षेत्र के गंगा घाट पर राम नवमी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान दान किया है। बुधवार को चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि थी। इसी नवमी को जन्मे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। 'भए प्रकट कृपाला दीनदयाल, कौशल्या हितकारी...' के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। रामनवमी के मौके पर मंदिरों में हवन-पूजन किया गया और भजनों का आयोजन किया गया। उधर नवरात्र के नौवें दिन माता नवम रूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। माता की पूजा-अर्चना के साथ दही-जलेबी, हलुआ-पूड़ी, मिष्ठान और फल कन्याओं को खिलाए गए। क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर बुधवार को खासी भीड़ रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करके पूजा अर्चना की है। नवमी के दिन कई स्थानों पर हवन का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र के एनटीपीसी गेट नंबर दो के सामने स्थित ज्वाला देवी मंदिर में सामूहिक हवन और भंडारे का आयोजन किया गया।


गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

## विहिप ने निकाली शोभायात्रा

**लालगंज, रायबरेली।** विश्व हिंदूपरिषद द्वारा जिलें के विभिन्न स्थानों पर श्रीरामजन्मोत्सव के कार्यक्रम कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उल्लासपूर्ण ढंग से मनाया। लालगंज नगर में विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी के नेतृत्व में शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई हनुमान मंदिर में आरती पूजन प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई। इस मौक पर रामगोपाल त्रिपाठी, रमाशंकर बाजपेई, अजय पांडेय, रुपेश अवस्थी, नीरज बाजपेई, पंकज पांडे, दीपेंद्र रस्तोगी, समीर मिश्रा, विकास त्रिवेदी, आशू गुप्ता, सचिन रस्तोगी, अविनाश शर्मा, आदर्श बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, कोतवाल शिव शंकर सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज राजेश यादव भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।


बाबा घिसियावन दास कुटी पर पूजन-अर्चन के लिए मौजूद श्रद्धालु।

## मंदिर में भक्ति गीतों व जयकारों की रही गूंज

**महराजगंज, रायबरेली।** गंगापुर स्थित बाबा घिसियावन दास कुटी पर राम नवमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही कुटी पर भक्तों ने भगवान राम के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी। मंदिर में भगवान श्रीराम की आरती की गई। उनके भजन व बधाई गीत गाए गए। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति गीतों व जयकारों की गूंज रही। कुटी के महंत बाबा राम बच्चन दास महराज का भी लोगो ने जोरदार स्वागत किया। इसके पूर्व भक्तो ने फूलों की बारिश भी की। यहां एक सप्ताह से लगातार चल रहे सीता राम नाम पाठ बुधवार को संपन्न हुआ। महंत राम बच्चन दास ने बताया कि अयोध्या की भांति राम नवमी को प्रति वर्ष राम जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस मौके पर बबलू सिंह, सुंदरम भानू सिंह, निर्भय आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज
चतुरपुर (छतोह), सलोन, रायबरेली (उ0प्र0)-229307
Email: srrcic@gmail.com

आवश्यकता है

श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज चतुरपुर (छतोह) सलोन, जिला रायबरेली, उ0प्र0, पिन कोड– 229307 में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में यू0जी0सी0/राज्य सरकार/ लखनऊ विश्वविद्यालय में मानकानुसार योग्यताधारी शिक्षकों की आवश्यकता है। सभी पाठ्यक्रम/ विषयों में दो पद हेतु।

प्राचार्य– 1 पद।
कला वर्ग (बी0ए0)– हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और शिक्षा शास्त्र।
विज्ञान वर्ग (बी0एससी0)– रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान।
उपरोक्त सभी विषयों/पाठ्यक्रमों के इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 15 कार्य दिवस तक उपरोक्त पते पर पंजीकृत डाक/ईमेल/ स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र– 9810765075

दिनांक: ............. डॉ0 रीता वर्मा
प्रबन्धक
श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज


## शोभायात्रा में जय श्रीराम के जयकारों की रही गूंज

**परशदेपुर, रायबरेली।** कस्बे में रामनवमी पर शोभायात्रा निकाल कर जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए। महावीरन भीटा से निकली शोभा यात्रा साकेतनगर से मुख्य चौराहे, ग्रामीण बैंक की तरफ से कटरा बाजार, रामसागर होते हुए वापस महावीरन भीटा पर समाप्त हुई। साकेतनगर और मुख्य चौराहे पर कलाकारों ने भक्ति गानों पर अपने नृत्य से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर चेयरमैन विनोद कौशल, महेश विश्वकर्मा, रामकरन पाल, घनश्याम मिश्रा, संदीप मोदनवाल, मनीष मोदनवाल, गुलाब चंद्र वैश्य सहित काफी लोग शोभायात्रा में शामिल रहे। सुरक्षा को लेकर डीह थानाध्यक्ष अरविंद सिंह व चौकी प्रभारी मोहित कुमार भी दल बल के साथ मौजूद रहे।


शोभायात्रा में सजी झांकी। अमृत विचार

## रामनवमी पर जगह-जगह हुए आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** नवरात्र के पावन अवसर रामनवमी के शुभ मुहूर्त पर भगवान श्रीराम के भक्तों ने जगह-जगह प्रसाद वितरण के कार्यक्रम किया है। लालगंज नगर के अटल चौक स्थित एक रेस्टोरेंट और गोविंदपुर वलौली शिवनगर में जहां भगवान श्रीराम का चित्र लगाकर पूजा अर्चना की गई और लोगों ने सुंदरकांड का पाठ सुना। इस अवसर पर सुशील शुक्ला, अशोक शुक्ला, देवी कुमार गुप्ता, शिव प्रकाश पांडे, मनोज अवस्थी, बाबू तिवारी, विवेक शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, बोस शुक्ला, विनीत सैनी आदि लोगों का योगदान सराहनीय रहा। उधर, लालगंज नगर के सर्राफा मंडी स्थित मां शीतला मंदिर में समाजसेवी और भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता, उनकी धर्मपत्नी किरन गुप्ता, समर्थ गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, कृष्णा, शुभम, दीपक, शिवेंद्र आदि श्रद्धालुओं के द्वारा पहले कन्याओं के पांव पखारे गए और फिर श्रद्धापूर्वक उन्हें भोजन कराया गया।


कन्याओं को प्रसाद वितरित करते भक्त।

## मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

**रायबरेली।** अपराध नियंत्रण को लेकर चल रही कार्रवाई में बछरांवा पुलिस ने एक युवक को 140 ग्राम अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है। बछरांवा पुलिस ने अपराधियो के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत लखनऊ जनपद के दखिना शेखपुर निवासी सत्यकान्त द्विवेदी पुत्र सुरेश द्विवेदी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे 140 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

## दहेज की अधिक मांग, शादी से किया इंकार

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** शादी तय होने के बाद बरीक्षा का कार्यक्रम हो गया। उसके बाद वर पक्ष ने दहेज की अधिक मांग कर दी और शादी करने से इंकार कर दिया। कन्या पक्ष के भाई ने मामले में पुलिस से शिकायत की है और दहेज लोभियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव का है। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव पूरे सरदार मजरे मनिहर शर्की निवासी नीरज कुमार का कहना है कि उसने अपनी बहन की शादी ऊंचाहार कोतवाली के मवई गांव निवासी युवक से तय की थी। जिसमें बीते तीन मार्च को बरीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इसमें उसने आपकी हैसियत के मुताबिक काफी दान दहेज भी दिया था। उसके करीब एक माह बाद जब उसने शादी और तिलक की तिथि निश्चित करने के लिए लड़के के परिजनों से संपर्क किया तो उन लोगों ने दहेज में दो लाख रुपए नगद और अन्य सामान की अधिक मांग कर दी। काफी मान मनौव्वल के बाद भी वह लोग शादी को तैयार नहीं हुए और शादी करने से इंकार कर दिया। बुधवार को कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## निःशुल्क शीतल जल की व्यवस्था मानवता का धर्म : हर्षेंद्र सिंह

**रायबरेली।** मानव सेवा के लिए विश्व विख्यात संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम के संयोजन में कोतवाली रोड स्थित मुकेश कंप्यूटर्स के पास नि:शुल्क प्याऊ का संचालन महान औघड़ संत अवधूत भगवान एवं पूज्य गुरूपद संभव रामजी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर समूह के उपाध्यक्ष राजा हर्षेंद्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्मी से व्यथित व्यक्ति को नि:शुल्क शीतल जल की व्यवस्था के साथ आपूर्ति करने से व्यथित व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है। यह मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। समूह के व्यवस्थापक बृजेश सिंह ने कहा कि पूज्य अघोरेश्वर की कृपा से इसी स्थान पर नि:शुल्क प्याऊ की स्थापना का यह ग्यारहवां वर्ष है। अभिषेक विक्रम सिंह, ओपी यादव, शिवलखन सिंह, रमेश सिंह, राजन रस्तोगी, शैलेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, विमल सिंह, पूर्व सभासद एसपी सिंह, सचिन, निवेदिता, जानकी, रामशरन, महेंद्र सिंह भदौरिया, मानवेंद्र प्रताप सिंह,जितेंद्र सिंह, मनीष आदि लोग रहे।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# 200 बीघा गेहूं की फसल स्वाहा

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर पावर ग्रिड के हाई टेंशन लाइन के तारों की टकराहट से खेतों में लगी आग ने जमकर तांडव मचाया। गेहूं की फसलों से उठता हुआ धुवां व आग की लपटें देखकर दौड़े ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के झोंकों के बीच ग्रामीणों की एक न चली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों के दर्जनों कर्मचारी व सैकड़ों ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद भी करीब 200 बीघे गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई।

आज दोपहर पछुआ की तेज हवा के झोंकों से पावर ग्रिड में फैले हाईटेंशन लाइन के तारों के मकड़ जाल में हुई टकराहट से गिरे शोलों से पावर ग्रिड में उगी घास में आग लग गई और हवा के झोंकों से आग पावर ग्रिड की बाउंड्री वॉल पार करते हुए गेहूं के खेतों तक पहुंच गई और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धर लिया। गेहूं की फसलों से उठती हुई लपटे व धुएं के गुबार को देखकर दौड़े ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और सूचना दमकल कर्मियों को दी गई, लेकिन पलक झपकते ही हवा के झोंकों के साथ आगे बढ़ रही आग ने चकदादर, पूरे बृजवासी, उमरा, डिहवा, कसेहटी, सराय मुगला आदि गांव के किसानों के खेतों में बढ़ती रही। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह बताया कि नुकसान का आकलन राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है। एसडीएम सदर मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आग से हुए नुकसान के आकलन के लिए लेखपाल और कानूनगो को भेजा गया है।


पावर ग्रिड के हाई टेंशन लाइन से जली गेहूं की फसल।

## आग से तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव बरौंडी में छतरपाल बाबा मन्दिर के पास अज्ञात कारणों से बुधवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई, जिससे दो किसानों की लगभग तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। समाचार लिखे जाने तक राजस्व विभाग का कोई भी कर्मचारी किसानों के नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा था। बरौंडी निवासी किसानों ने बताया कि गांव के किनारे बरौंडी माइनर के किनारे छतरपाल बाबा का मन्दिर स्थित है। इसी मन्दिर से सटी हुई बरौंडी निवासी किसान अजीज खां की लगभग दो बीघे और बहादुर खेड़ा मजरे बरौंदी निवासी किसान राम चरन की लगभग एक बीघे जमीन में गेहूं की फसल खड़ी थी। बुधवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे अचानक अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से जांच कराकर पीड़ित किसानों को सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

## आग से किसानें की कई बीघे गेहूं की फसल जली

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** गर्मियां आते ही आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई हैं। इन दिनों खेतों में गेहूं की खड़ी फसल से किसानों को चिंता सताने लगी है। बुधवार की दोपहर तहसील क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में एक दर्जन से अधिक किसानों के खेत मे संदिग्ध परस्थितियों में आग लग गई। ग्रामीणों के मुताबिक गांव के ही छोटेलाल, रिंकू की 30 बिस्वा, सुंदरा और माता देई की 32 बिस्वा और कन्हइया की दस बिस्वा गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी। इसी फसल से सटे राजकुमार पांडे, सुरेस पांडे, रामदेव, राम नारायण की लगभग दस बीघा पराली लगी हुई थी। दोपहर करीब एक बजे खेत में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। फायर टीम प्रभारी गोपी चन्द्र मिश्रा ने बताया कि लगभग 5 बीघा खड़ी फसल जलकर राख हुई है। जबकि नौ बीघे के करीब पराली जली है।

## बहन के लड़के के साथ जा रही युवती का अपहरण

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बुधवार की शाम एक सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया , अपनी बहन के लड़के के साथ जा रही युवती को चार लोगों ने अपहृत कर लिया है। घटना के बाद से परिजन परेशान है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। यह वारदात बुधवार की शाम करीब साढ़े चार बजे हुई है। घटना स्थल क्षेत्र के अरखा पाइप लाइन के पास का बताया जा रहा है। क्षेत्र के गांव हरबंधनपुर निवासी जितेंद्र कुमार का कहना है कि उनकी बहन लक्ष्मी उनके बहन के लड़के के साथ अपने बुआ के यहां गांव पूरे चंदी जा रही थी।

रास्ते में अरखा पाइप लाइन के पास वह लक्ष्मी को रोककर पेट्रोल पंप पर बाइक के लिए ईंधन लेने चला गया। जहां से वापस आया तो लक्ष्मी गायब थी। कुछ देर बाद जितेंद्र के मोबाइल फोन पर लक्ष्मी का फोन आया कि चार लोगों ने उसे जबरन उठा लिया है। उसने अपने भाई से मदद करने की गुहार लगाई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उसके बाद से युवती का फोन बंद है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवती का फोन सर्विलांस पर लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवती की शादी तय थी, वह अपनी शादी से संतुष्ट नहीं है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जल्द ही युवती को बरामद किया जायेगा।

## आग के तांडव से जली दस बीघे गेहूं की फसल

**सरेनी, रायबरेली।** बुधवार को हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुधवन गांव में लगी गेहूं के खेतों में आग से किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। आग से लगभग 8 से 10 बीघे गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। गांव निवासी लोकेश सिंह ने बताया कि अचानक बिजली आने से हुई शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने तांड़व मचा दिया और देखते ही देखते गांव के केशव सिंह पुत्र अहरवादीन सिंह की डेढ़ बीघा,अमरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ बचान पुत्र स्व. मेड़ई की 4 बीघा, देवीबक्स सिंह पुत्र स्व. शिवदत्त की 15 बिस्वा व दानबहादुर सिंह पुत्र बोधा सिंह की 2 बीघा गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। ग्रामीणों व फायर सर्विस सरेनी यूनिट की मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।



## मॉडल्स ने कराया फोटोशूट

**रायबरेली।** शहर के एक पार्क में यूएन प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फोटोशूट का आयोजन किया गया। जनपद के कई युवाओं ने हिस्सा लिया। मॉडल्स ने तरह-तरह के अंदाज़ में फोटोशूट कराया। आयोजक निहाल जोशी, निर्देशिका मिस नैंसी रमन मौजूद रहीं। सहायक संस्था के रूप में द विचर्स बरिटो, फर्जी कैफे तथा फोटोग्राफी पार्टनर ऋषभ गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन शायर कुमार आस्तविक द्विवेदी ने किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I Rammilan son of Shri Jageshwar resident of village Kheda Silajit tehsil Sarila District Hamirpur, U.P. I had passed class high school examination in the year 2010, whose roll number is 1682161. That in my above mentioned mark sheet my father's name are mentioned as JAGESHWAR PRASAD. That the above two names JAGESHWAR PRASAD and JAGESHWAR belong to my father only and not to anyone else.

अब्दुल मजीद
मदरसा अब्दुल मजीद अकादमी
खोजीपुर छिबरामऊ- कन्नौज

में आधुनिकीकरण योजना अन्तर्गत आधुनिक विषय के 1 अध्यापक की जरूरत है।
शैक्षिक योग्यता– स्नातक/ परास्नातक / बी0एड
वेतनमान देय– राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय है।
आवेदन करने की अन्तिम तिथि– 28/04/2024
साक्षात्कार दिनांक– 30/04/2024
विज्ञप्ति दिनांक– 18/04/2024

सूचना

सूचित हो की मैं ATIK AHAMAD पुत्र IKBAL HUSAIN निवासी:– आलहन मऊ, पो. सराय बरई, जि. बाराबंकी का हूँ, मैंने अपना नाम MOHAMMAD ATIQ KHAN से बदलकर ATIK AHAMAD रख लिया हैं, आज से मुझे ATIK AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड इलाहाबाद, वर्ष– 2019, अनु0– 1870076 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूलप्रति वास्तव में कहीं खो गयी है। धन लक्ष्मी सुपुत्री श्री सत्य राम नि0ग्रा0– अलाउद्दीनपुर, पोस्ट– बनगवॉडीह, तहसील– कादीपुर, जनपद– सुलतानपुर (उ0प्र0)।

सूचना

सूचित हो कि मैं रईस अहमद पुत्र फकीरे अपने पुत्र सिराज के चाल चलन से काफी परेशान हूं। वह आए दिन परिवार में विवाद करता है। जिसके चलते अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मैं अपने पुत्र सिराज को चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। रईस अहमद पुत्र फकीरे निवासी ग्राम भटपुरवा थाना कोतवाली देहात बहराइच।

## एक नजर

### 36 के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ जनपद के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से पहले पुलिस ने शांति भंग की आशंका को देखते हुए 36 लोगो के विरूद्ध शांति भंग की कार्यवाही की। जबकि अलग अलग मामलो में वांछित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### वांछित गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को लखनऊ के थाना क्षेत्र चिनहट के ग्राम कंचनपुर मटियारी निवासी आकाश यादव वसूली व नाबालिग बच्चे को प्रताड़ित करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया।

### 18 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कुर्सी पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र कुर्सी के ग्राम दशहराबाग निवासी मुकेश को अठ्ठारह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।।

### तीन किलो पोस्ते के छिलके के साथ गिरफ्तार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : थाना बदोसराय पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलो ग्राम अवैध पोस्ता का छिलका बरामद किया है। थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव, एस एस आई लालता प्रसाद ने मंगलवार को ग्राम दरिगापुर निवासी रामराज प्रजापति को दरिगापुर चौराहे के पास तीन किलो ग्राम अवैध पोस्ता के छिलका के साथ गिरफ्तार कर एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# मंदिरों में गूंजा...भए प्रकट कृपाला दीनदयाला

## देवी मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़े श्रृद्धालु, लाइन में लगे भक्तों ने किया जय श्रीराम का उद्घोष

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी


लाजपत नगर का श्रीराम जानकी मंदिर। अमृत विचार


मंदिर में भजन करते श्रृद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनवमी के पावन पर्व पर शहर के गुलरियागार्दा स्थित बड़ी देवी मंदिर, लाजपत नगर के श्रीराम जानकी मंदिर, सूलपुर स्थित छोटी माता मंदिर सत्यप्रेमीनगर के संतोषी माता मंदिर रेलवे स्टेशन व धरोहर चौराहे के हनुमान मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों के तमाम देवी मंदिर व श्रीराम मंदिरों मे श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी देवी मंदिरों व देवालयों में सुबह से ही रामभक्तों की भीड़ लगी रही। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के देवालयों में दोपहर 12 बजे ही भए प्रकट कृपाला दीनदयाला... गूंजने लगा।

जगह-जगह महाआरती का आयोजन हुआ। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव आस्था-उमंग के साथ मनाया। धरोहर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन के हनुमान मंदिर, सहित ग्रामीण अंचलों के भेटरिया चौराहे के बडी. हनुमान गढ़ी, बड़ी देवी मंदिर, छोटी देवी मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर, सैलानी माता मंदिर सहित तमाम देवी माता मंदिरों व देवालयों में भी श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। कुछ प्रसिद्ध मंदिरों में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। इन मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। धनोखर चौराहा के हनुमान मंदिर व बड़ी देवी मंदिर में 12 बजते ही मंदिर में 'भए प्रकट कृपाला दीनदयाला 'जैसे जयघोष गूंजने लगे थे। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। लाजपत नगर के श्रीराम जानकी मंदिर मे भगवान श्रीराम, माता-सीता व लक्ष्मण भगवान सहित पूरे राम परिवार का आकर्षक श्रृंगार किया गया। यहां मंदिर समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

पर्व को लेकर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। दोपहर में श्रीराम जानकी मंदिर समिति द्वारा धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। तो वही रामसनेही घाट क्षेत्र के तमाम देवालयों, व देवी मंदितरों में सुबह से ही मंदिरों में हवन, कंजका पूजन, रामायण पाठ आदि का सिलसिला चलता रहा। सुमेरगंज के बूढ़े हनुमान मंदिर ,भिटरिया के छोटी हनुमान गढ़ी, राम सनेही घाट के सिद्ध पीठ राम सनेही दास हनुमान मंदिर सहित हनुमंत वाटिका गाजीपुर में बडी धूमधाम से भाई प्रगट कृपाला दीन दयाला के साथ श्री रामजन्मोत्सव मनाया गया। तो वहीं सिद्धौर क्षेत्र के बीबीपुर स्थित देवी मंदिर में महिलाओं द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया तो वही पुरूषों ने संगीत के माध्यम से राम की विभिन्न लीलाओं को स्वरबद्ध तरीके से गाया।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

### सुनाई देती रही रामधुन लगते रहे जय श्रीराम के उद्घोष

रामनवमी पर शहर के घर-घर में लोगों ने भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया। लोगों ने श्रीराम की पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालुओं ने अपने घर पर कन्याओं को भोजन करवाया। शहर की गलियों में सुबह से रामधुन सुनाई देना आरंभ हो गई थी और 12 बजते ही भए प्रकट कृपाला दीनदयाला जैसी चौपाइयों सहित भजन-कीर्तन दिनभर सुनाई देते रहे।

### उत्साह में दिखे श्रृद्धालु


रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। लाजपत नगर के श्री रामजानकी मंदिर, भिटरिया के हनुमान गढी मंदिर में आरती के समय बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।लोगों ने कतार में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही गुलरियागार्दा के बडी.देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन के हनुमान मंदिर, सत्य प्रेमी नगर कैलाश आश्रम में भीषण गर्मी व धूप के वावजूद राम भक्तों की आस्था और विश्वास में कोई कमी नही दिखी सभी उत्साह से लबरेज दिखे श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर गावों तक मंदिरों में दोपहर 12 बजे आरती का आयोजन हुआ और उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

### मंदिरों में हुए हवन

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में अष्टमी तथा नवमी पर श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर सुख- समृद्धि की कामना की। नवरात्र के चलते नौ दिनों तक माता का श्रृंगार भी किया गया।

## अमृत विचार की मुहिम

# मन में है कोई सवाल तो हमसे पूछें , मिलेगा जवाब



मतदाता के सवाल का कलाकृति के माध्यम से जवाब।

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की प्रवक्ता कंचन दुबे ने पोलिंग बूथ पर गर्मी व तेज धूप से होने वाली समस्या के संबंध में मतदाताओं द्वारा पूछे गए सवाल का कलाकृति के माध्यम से जवाब दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

# भाजपा की नफरती आग को बुझा रहा इंडिया गठबंधन- नकवी


एकजुटता का प्रदर्शन करते इंडिया गठबंधन के नेता। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के घटक दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा बुधवार को संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सपा, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (उद्धव ठाकरे), आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के नेता शामिल हुए। इस दौरान बाराबंकी लोकसभा सीट से इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया और यूपी कांग्रेस कमेटी के महासचिव व बाराबंकी प्रभारी सैफ अली नकवी भी मौजूद रहे। नकवी ने कहा कि इंडिया गठबन्धन देश में भाजपा की लगाई नफरत की आग को बुझाने का काम कर रहा है। गठबंधन का हर घटक दल पूरी मजबूती से साथ चुनाव में अपनी भागीदारी निभा रहा है। जिससे देश में इंडिया गठबन्धन की सरकार बन सके। तनुज पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते दस सालों में केवल जनता को ठगने और छलने का काम किया है। उनका हर वादा झूठा निकला है। इस दौरान हाफिज अयाज, प्रीतम सिंह वर्मा, रणधीर सिह सुमन, बृज मोहन वर्मा, अब्दुल रहमान लल्लू, मनोज दिद्रोही, धर्मवीर सिंह, मोहम्मद मोहसिन मौजूद रहे।

# पति, देवर समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव में दहेज के लिए विवाहिता को ससुरालीजनों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। उसका हाल लेने पहुंचे भाई और बहन से भी उन लोगों ने मारपीट की। विवाहिता के भाई की तहरीर पर कोठी थाने की पुलिस ने पति, देवर व चाचिया ससुर समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

रामनगर थाना क्षेत्र के भागीरथपुरवा गांव निवासी शुभम यादव पुत्र चंद्रशेखर यादव ने बताया कि दस साल पहले बहन नीतू का विवाह इब्राहिमाबाद गांव निवासी सर्वेश यादव पुत्र सोहनलाल यादव के साथ किया था। लेकिन दहेज को लेकर उसके ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित करते रहते हैं। 14 अप्रैल को शादी में कम दहेज मिलने की बात पर पति सर्वेश यादव, सास श्रीमती, ननद शिलोचन, देवर शिवचरन व पंकज, चचिया ससुर मिश्रीलाल ने मिलकर उसकी बहन को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बहन का हाल जानने वह 16 अप्रैल को बड़ी बहन नीलू के साथ उसकी ससुराल गया था।यहां बातचीत के दौरान उन्होंने आक्रोशित होकर हम लोगों से भी मारपीट की। कोठी थाने के प्रभारीनिरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

## रात्रि जागरण के बाद आज होगा विसर्जन

**सतरिख, बाराबंकी: अमृत विचार :** सप्तर्षियों के आश्रम नगर पंचायत सतरिख स्थित बड़ा शिवाला मंदिर परिसर में गुरूवार से जगराता महामाई का कार्यक्रम होगा। मां वैष्णों जागरण समिति के सदस्य राहुल, आशीष, विनय, दीपेश आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ा शिवाला मंदिर परिसर में बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। जागरण में शाहजहांपुर के कलाकार शुभम रंगीला, कानपुर की शैलजा कपूर, अयोध्या के रिजु राम, मुरादाबाद के मिस्टर दारा झांकी ग्रुप द्वारा अद्भुत झांकी अलौकिक श्रृंगार तथा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे।

# कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे सफाईकर्मी

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खंड के गांवों में तैनात सफाई कर्मचारी ढूंढे नहीं मिल रहे। जिसके चलते ग्रामीण साफ सफाई स्वयं करने को मजबूर हैं। प्रधानों व ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ सफाईकर्मी तो ब्लॉक में बाबू बने बैठे हैं और अफसरो की जी हजूरी कर रहे हैं। विकास खंड हरख में 75 ग्राम पंचायतें हैं, तो 102 राजस्व ग्राम भी शामिल हैं। 102 सफाई कर्मियों की तैनाती है। इसके बाद भी गंदगी का अंबार गावों में मौजूद है। नानमऊ पंचायत में दो सफाई कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन कार्य करने नहीं पहुंच रहे और इन्हें हर महीने वेतन मिल रहा है। बहलोलपुर की प्रधान सुधा ने बताया कि उनकी पंचायत में दो राजस्व ग्राम हैं, लेकिन चार वर्षो से कोई सफाई कर्मीनहीं आ रहा। सुधा का कहना है कि हम अपने पैसे से निजी कर्मचारी रखकर विद्यालयों की सफाई करवाते हैं। मरखापुर प्रधान आशीष चौधरी ने बताया कि पंचायत में 6 वर्षों से सफाई कर्मी नहीं आ रहा है। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। सहेलिया पंचायत में 8 महीने से सफाई कर्मी नहीं आरहा है।शेषपुर ग्रामपंचायत में तो पूरी तरह से सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सामुदायिक शौचालयझाड़ियां में तब्दील हो गया है। झाड़ियां में तब्दील होने से शौचालय का प्रयोग करना भी लोगों ने बंद कर दिया है। वही शाहपुर में भी सफाई कर्मी कई वर्षों से नहीं पहुंच रहा है। प्रधान व ग्रामीणों करीब 10 सफाई कर्मचारी तो ब्लॉक में बाबू बने बैठे हैं वहीं हरख ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद में किसी सफाई कर्मचारी की तैनाती ही नहीं है।

मामला बेहद गंभीर है। पूरे मामले की जांच मैं स्वयं करूंगा। एडीओ पंचायत के साथ ही सफाईकर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जो सफाईकर्मी बाबू बनकर बैठे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

– **नीतेश भोंडले**, डीपीआरओ, बाराबंकी

# एक दर्जन घर जले, तीन मवेशी झुलसे

रामसनेहीघाट, बाराबंकी


आग लगने के बाद सिलेंडर को बाहर निकालते फायरकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार: कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत इटहुआ गांव में बुधवार की दोपहर अचानक आग लगने से लगभग एक दर्जन छप्परनुमा घर जलकर राख हो गए और तीन मवेशी भी घायल हो गए। इस घटना में लगभग तीन लाख रुपये की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पीड़ित के घर पहुंच उनका ढांढ़स बंधाया और सरकार से हर संभव मदद दिलाने बात कही।

आग इस तरह विकराल थी कि घर से कोई सामान निकाला नहीं जा सका। घरके कीमती सामानों के साथ नगद रुपये तक जल कर स्वाहा हो गए। आग सबसे पहले अम्बरीष पुत्र अशरफी लाल के घर में लगी और तेज हवाओं के कारण अगल बगल के दर्जनों झोपड़ी के घर और छप्पर में आग लग गई। इस घटना में सुरसुता पत्नी चन्द्रेश, जैसीराम पुत्र राम आधार, राम आधार पुत्र गजोधर, राजेश पुत्र श्री कृष्णा ,रामकला पत्नी रामसमुझ ,त्रिलोहन पुत्र छेदू ,पवन कुमार पुत्र छेदू, भारत राम पुत्र छेदू,सुरेश चंद्र पुत्र प्यारेलाल, मालिक राम पुत्र प्यारेलाल ,तुलसीदास पुत्र राम आधार के घरों और छप्परों में हवा के कारण आग फैल गई इनके छप्परनुमा आशियाने जलकर स्वाहा हो गए। ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि चंद्रेश वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा अपने स्तर से राहत सामग्री उपलब्ध करायी। कानून गो व लेखपाल ने मौके पर पहुँच पीड़ितों से मिलकर राजस्व विभाग की तरफ से हुई नुकसान की भरपाई कराई जाएगी।

# आग लगने से तीन किसानों की फसल राख

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार:** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत रामपुर व काजीपुर गांव के बीच गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से तीन किसानों की लगभग ढाई बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। अग्निशमन दल के समय से पहुंचने से अन्य किसानों की फसल जलने से बच गई।

बुधवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते लगी आग ने सबसे पहले रामपुर मजरे बहादुरपुर गांव निवासी रामचंद्र पुत्र राम आधार के खेत में खड़ी फसल को अपनी चपेट में लिया और देखते ही देखते आग ने पड़ोसी गांव काजीपुर मजरे शाहपुर डेहवा निवासी ताराचंद एवं चंद्रभान के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही आसपास के खेतों में मौजूद ग्रामीणों द्वारा उसपर काबू पाने की कोशिश शुरू हुई। साथ ही आग लगने की सूचना अग्निशमन दल को दी गई। अग्निशमन दल के समय से पहुंचने से आग बुझा ली गई और एक भीषण अग्निकांड की घटना को टाला जा सका। हालांकि इस हादसे में रामचंद्र की आठ बिस्वा एवं ताराचंद्र व चंद्रभान की एक-एक बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई।

### गांजा के साथ पकड़ा गया युवक

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने पोखरा कस्बा के समीप नहर पुल पर एक युवक को 700 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के बनवारगंज ग्राम का निवासी राजू लोध बताया जा रहा है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

प्रकोप | प्रति दिन मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे सैकड़ों मरीज

# तेज धूप से डायरिया-बुखार के बढ़ रहे मरीज

गोंडा कार्यालय


अस्पताल में उमड़े मरीज। अमृत विचार


नहर सूखी होने से बढ़ी परेशानी।

**अमृत विचार:** धूप तेज होने लगी है, साथ ही गर्म हवाएं भी चलने लगी है। ऐसे में लोगों की सेहत खराब हो रही है। भारी संख्या में मरीज प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में आ रहे हैं। इस समय जो मरीज आ रहे हैं उनमें डायरिया व बुखार की शिकायत ज्यादा आ रही है।

मेडिकल कालेज में मेडिसिन विभाग की ओपीडी में मुंह सूखना, कमजोरी, बेहोशी, गहरे पीले रंग का पेशाब, चिड़चिड़ापन व कब्ज की समस्या के मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सक लू से बचने की सलाह दे रहे हैं। प्रशासन ने भी बचाव के लिए एडवायजरी जारी की है। मेडिकल कालेज में बारह से अधिक डायरिया के मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा प्रतिदिन करीब 400 मरीज ओपीडी में आते हैं। इसमें से करीब 70 से अधिक बच्चे होते हैं जो गर्मी की वजह से परेशान हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डा. आफताफ आलम कहते हैं कि बच्चे पानी पीना याद नहीं रखते हैं। खेलने के साथ ही दूसरी एक्टिविटी में पसीना खूब निकलता है। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने के कारण डिहाइड्रेट होने लगता है। बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा अधिक होता है।गर्मी में इंफेक्शन का खतरा अधिक रहता है। बाहर का खुला खाना खाने, पानी पीने से डायरिया और टाइफाइड जैसी बीमारिया हो सकती हैं जो लंबे समय तक चलती हैं। लंबे समय तक तेज धूप में रहने की वजह से हीट स्ट्रोक की समस्या हो रही है।

## आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** रामनगर विद्युत उपकेन्द्र की तैतीस केवी लाइन जर्जर होने से गुरूवार 18 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय ने दी।

उन्होंने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत गुरूवार 18 अप्रैल को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक रामनगर क्षेत्र के तैतीस विद्युत उपकेन्द्र की जर्जर हो चुकी लाइन को बदलने का कार्य किया जायेगा वही बिंदौरा नहर से टीआर भट्टा तक पोल बदलवाये जायेंगे। जिससे विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी।

## एक नजर

### युवती को पीटा, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कटघर मुतुरवाही गांव की रविशंकर की पुत्री आराधना (20) को मंगलवार की शाम रंजिश बस लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़िता के पिता रविशंकर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही बिजली, अजीत एवम तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट में मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बीरी हाजीपुर गांव में किसी बात को लेकर मंगलवार की रात दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लात घुसो से मार कर दांत से काट लिया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित दीपांशु सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दीपक सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को कोतवाली देहात पुलिस ने फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाली देहात प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह हमराहियों के साथ क्षेत्र में तभी सूचना मिली कि दुष्कर्म का नामित महानपुर के पास खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। कोतवाल ने बताया कि दुष्कर्म में वांछित रूपेश कुमार निवासी मिश्रपुर पुरैना को न्यायालय भेजा गया था जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### गैंगस्टर में वांछित असलहे के साथ गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को बंधुआकला थाने की पुलिस को सूचना मिली गैंगस्टर में वांछित अरबाज खान निवासी बुकुनपुर खोखीपुर मोड़ पर खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध असलहा दो जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने उस पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर कोर्ट भेज दिया।

# आग ने मचाई तबाही, लाखों का नुकसान

## कई थाना क्षेत्रों में आग लगने से 150 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जली, हलकान रहा फायर महकमा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बुधवार का दिन किसानों के लिए तबाही लेकर आया। आधा दर्जन थाना क्षेत्रों में आग लगने से 150 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वही कुछ लोगो की गृहस्थी आग की भेट चढ़ गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दिन भर दौड़ती रही।

बुधवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे अखंडनगर थाना क्षेत्र में गेहूं के खेत में आग लग गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने में लगे रहे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक करीब 10 बीघे गेहूं जलकर राख हो चुका था। 11 बजे लम्भुआ थाना क्षेत्र के सेमरी राजापुर गांव में गेंहू के खेत में आग लग गई। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक आठ बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम अभी वहां से निकली नहीं थी कि इसी थाना क्षेत्र के कैलाश मैरिज लान के बगल गेंहू के खेत में आग लग गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने में कामयाब नहीं रहे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जब तक आग बुझाने में सफल हुए तब तक करीब 40 बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी।

क़रीब साढ़े 11 बजे कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरुवारीपुर में जंगल में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग विकराल रूप धारण करते हुए एक घर को चपेट मे ले लिया। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक दो घरों की गृहस्थी राख हो चुकी थी। क़रीब 12 बजे लंभुआ थाना क्षेत्र के मठा गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई तब तक आठ बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। अभी फायर ब्रिगेड गांव से हटी नहीं थीं तभी तिरने गांव में आग लग गई। आग पर जब तक काबू पाया जाता है तब तक काफी नुकसान आग ने कर दिया था। साढ़े 12 बजे दोस्तपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में आग लग गई। ग्रामीण आग बुझाने में लगे रहे, लेकिन सफल नहीं हुए। वही सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई तब तक करीब 20 बीघे गेहूं आग की भेट चढ़ चुका था। इसी बीच अखण्डनगर थाना क्षेत्र के हरदवा गांव में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आठ बीघे गेहूं आग की भेट चढ़ चुका था। इसी बीच जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र बसायकपुर गांव में बुधवार दोपहर बारह बजे अज्ञात कारणों से जगतपुर निवासी राम शिरोमणि तिवारी के गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा तेज होने के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। अग्निकांड में दो दर्जन से अधिक किसानों की लगभग 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर सर्विस जयसिंहपुर की दो गाड़ियों और बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

दोपहर में ही कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईंनाथपुर मजरे दुबेपुर में गेहूं की फसल में आग लग गई। अज्ञात कारणों से विजयपाल दुबे के खेत मे लगी आग ने राम अछैबर दूबे, शम्भू नाथ दुबे, कमला देवी तथा राम धीरज दुबे की गेहूं की 11 बीघे फसल जलकर राख हो गई। क़रीब तीन बजे गोसाईगंज थाना क्षेत्र में द्वारिकागंज चौकी के अंतर्गत बाबूगंज बाजार मे मोहम्मद मोईन के घर में आग लग गई।सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा सारा गृहस्थी का सामान राख हो चुका था। इसी बीच कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में गेहूं के खेत में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई लेकिन क़रीब पांच बीघे गेहूं राख हो चुका था।

शाम क़रीब चार गोसाईगंज थाना क्षेत्र गडौली गांव में गेहूं के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग खेत मे गांव की तरफ बढ़ने लगी तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक क़रीब 50 बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। मिली जानकारी के मुताबिक अज्ञात कारणों से केशव सिंह के गेहूं के खेत में आग लग गई। जब तक लोग एकत्रित होते देखते ही देखते आग सतीश सिंह सहित अन्य किसानो की गेहूं की फसलों को आगोश मे ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाती क़रीब 50 बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। सभी नुकसान का आकलन करने में राजस्व की टीम लगी है।


जयसिंहपुर में थाना क्षेत्र में आग से जल रही गेहूं की फसल। अमृत विचार


गोसाईगंज में आवासीय छप्पर में आग बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड टीम। अमृत विचार

### माधवपुर सिवान में 28 बीघा गेहूं की फसल हुई राख

**धनपतगंज :** थाना क्षेत्र मे जज्जौर के माधवपुर सिवान में अज्ञात कारणों से लगी आग ने मचाया तांडव। 28 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मौके पर फायर बिग्रेड नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में रोष दिखा। बुधवार की शाम करीब चार बजे सिवान मे अचानक धुंए के साथ आग की लपटे उठती देख ग्रामीण सहम गये। फायर ब्रिग्रेड को सूचित करते हुये आग बुझाने मे जुट गये। लेकिन ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते, तेज तूफानी हवा के चलते आग का फैलाव बढता गया जिसमे गांव मायंग निवासी सोनू सिंह का 11 बीघा, विजय उपाध्याय निवासी रुपीपुर का 6 बजे बीघा, चक्रसेन का 2 बीघा, भोलानाथ का 3 बीघा, राम मिलन निवासी जज्जौर का 1 बीघा, मोनू सिंह निवासी मायंग का 3 बीघा तथा अन्य कई किसानों का कुल मिलाकर आदि तकरीबन 28 बीघे गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी। फायर ब्रिग्रेड के समय से न पंहुचने को लेकर ग्रामीणों मे अक्रोश भी रहा। इस मौके पर मौजूद उप निरीक्षक चंद्रमणी ने बताया कि राजस्व महकमे को सूचना दी गयी है। फिलहाल ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

# 66 रोडवेज बसें गईं बाहर यात्रियों के सामने संकट


रोडवेज बस में चढ़ने के लिए हलकान रहे यात्री। अमृत विचार

**45 बसें गईं अयोध्या तो 21 लगी हैं चुनाव में, सहालग में परिवहन निगम पर है दबाव**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** परिवहन निगम के पास बसों का अभाव हो गया है। बस की कमी के चलते इस गर्मी में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घंटों इंतजार के बाद बस जैसे ही स्टेशन पर आती है चढ़ने के लिए मारामारी मच जाती है।

तेज धूप के साथ लू आग उगल रही है। वहीं, निगम की बसों ने यात्रियों को और परेशानी में डाल दिया है। सहालग के चलते लोगों को मजबूरी में घर से निकलना पड़ रहा है। बताते चलें कि निगम के पास अनुबंधित बसों को मिलाकर कुल 125 बस है। जिनमें से 45 बसों को क्षेत्रीय प्रबंधक ने राम नवमी के चलते अयोध्या मंगा लिया है। वहीं, परिवहन निगम की चार बसे पहले से ही जिले में आए अर्धसैनिक बलों को लेकर चल रही है। निगम की 12 बसों से होमगार्ड के जवान पहले चरण के लोकसभा चुनाव कराने बिजनौर गए हैं। पांच बसों से पुलिस के जवान भी बिजनौर गए हैं। ऐसे में निगम की 66 बसे बाहर चली गई है। जिनके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> राम नवमी और चुनाव ड्यूटी से बची हुई बसों से यात्रियों को उनके गंतव्य स्थल तक भेजा जा रहा है। बसों का फेरा बढ़ाया गया है।
> –**नागेंद्र पांडेय**, एआरएम रोडवेज सुलतानपुर

### 20 से मिलेगी कुछ राहत

पुलिस व होमगार्ड जवानों को लेकर गई बसें पहले चरण में बिजनौर, दूसरे चरण में गाजियाबाद, तीसरे चरण में फिरोजाबाद व चौथे चरण में 13 मई को इटावा में लोकसभा चुनाव संपन्न कराकर लौटेंगी। वहीं अयोध्या गई 45 बसे 20 अप्रैल के बाद वापस डिपो आ जाएगी। तब जाकर यात्रियों को कुछ राहत मिलेगी।

### जान जोखिम में डाल डग्गामार से हो रहा सफर

परिवहन निगम में बसों की कमी के चलते डग्गामार वाहनों से लोग अपने गंतव्य स्थान तक जा रहे हैं। बहुत से ऐसे वाहन थे जो कमियों के चलते खड़े हो गए थे, वह भी इस मौसम में सड़क पर आ गए है। सब कुछ जानते हुए भी लोग जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहनों से यात्रा करने को मजबूर हैं।

# जमीन के विवाद में 66 लोग पाबंद

- शांति व्यवस्था बनाए रखने को मौके पर पुलिस बल तैनात

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कस्बे के सीएचसी के पीछे बंजर भूमि को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद को देखते हुए मौके पर एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मौके पर पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम है।

पुलिस ने दोनों पक्षों के 66 लोगों के विरुद्ध 107/ 116 के अंतर्गत पाबंद किए जाने के लिए एसडीएम को रिपोर्ट भेज दी है। बताते चलें कि उक्त भूमि को लेकर दोनों संप्रदायों में मंगलवार को विवाद हो गया था। जिसे देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों से 66 लोगों को 107/116 के अंतर्गत पांच लाख रुपए के मुचलके पर पाबंद किए जाने की रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्लिम पक्ष से सोहराब अहमद, नौशाद अहमद, मुनव्वर खान, अनवर, नजमा, रुखसाना, शहनाज बानो, फातिमा बानो सहित 44 लोगों एवं हिंदू पक्ष से बृजेश सिंह चौहान, शैलेंद्र उपाध्याय, जया चौहान, रानी चौहान, शिव यादव, सौरभ सहित 22 लोगों के विरुद्ध 107/116 के अंतर्गत पाबंद किए जाने की रिपोर्ट पुलिस ने एसडीएम को प्रेषित कर दी है।


कादीपुर में विवाद के बाद तैनात की गई पुलिस। अमृत विचार

# पहली बार आए सपा प्रत्याशी का स्वागत

- सोशल मीडिया पर आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन की खबरों को प्रशासन ने लिया संज्ञान

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** इंडी गठबंधन प्रत्याशी रामभुआल निषाद सपा से टिकट पाने के बाद बुधवार को पहली बार जिले में पहुंचे। उनका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। सोशल मीडिया पर प्रसारित बड़ी संख्या में भीड़, साइरन बजाते वाहनों का काफिला की खबर को प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की खबरों को संज्ञान में लेते हुए सीडीओ के स्तर से उसकी जांच कराई जा रही है।

बुधवार दोपहर में पहली बार पाण्डेयबाबा बाजार पहुंचे समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रामभुआल निषाद का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यह पूछने पर की भीम निषाद का टिकट कटने से नाराज लोगों को कैसे मनाएंगे तो उन्होंने कहा कि कोई नाराज नहीं है, सभी साथ हैं। आगे उन्होंने कहा कि जनता का सम्मान होगा, उनकी समस्याओं का समाधान होगा। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने दियरा व मोतिगरपुर में भी जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, गौतम वर्मा, राकेश यादव, भाग्यमती बेगम, शारदा यादव, राम शिरोमणि, विक्की यादव, लाल बहादुर, कल्लू वर्मा, मायाकांत यादव,उत्तम यादव , शिवम यादव सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, अन्य जगहों पर पूर्व विधायक अनूप संडा, जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत अन्य ने भी स्वागत किया।


सपा प्रत्याशी का पांडेय बाबा में किया गया स्वागत। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 25 लाख में लिया मकान, बैंक ने थमाया नोटिस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली निवासी ने 25 लाख़ में एक मकान खरीद रहने लगा। कुछ महीनों बाद बैक ने मकान पर लोन की नोटिस चस्पा कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि विक्रेता ने बैंक से लोन लेकर मकान बनवाया था। जो बिना भरे बेच दिया था पीड़ित ने स्थानीय पुलिस व एसपी से गुहार लगाई ।कार्यवाही न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर विक्रेता के खिलाफ़ धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के ओम नगर निवासी अशोक कुमार सोनी ने सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर की। उसने बताया कि 21 फ़रवरी 23 को दरियापुर निवासी अस्माउलमिद्दे से 25 लाख में एक मकान का बैनामा लिया। साथ ही मकान पर काबिज होकर रहने लगा था। इसी बीच 12 जनवरी 24 की शाम बैंक ऑफ बड़ौदा ने मकान पर लोन की नोटिस चस्पा कर दिया। जिस पर 15लाख से अधिक का बकाया था। विक्रेता अस्माउलमिद्दे से घर मिलने का प्रयास किया तो वह नही मिला। साथ ही उससे फोन पर भी बात नहीं हो पाई। बैंक जाकर पता किया तो पता चला कि घर बनवाने के लिए लोन लिया गया था। पीड़ित का आरोप है कि बैनामे से पहले उपनिबंधक कार्यालय से भार मुक्त प्रमाण पत्र लिया था जिस लोन की कोइ जानकारी नहीं थी। लोन की बात छुपा विक्रेता अस्माउलमिद्दे ने धोखे से घर बेच दिया था। इसकी शिकायत नगर कोतवाली में की कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया। थकहार कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के निर्देश पर विक्रेता अस्माउलमिद्दे के खिलाफ धोखाधड़ी व विश्वशघात करने जैसी गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है


डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करतीं मेनका गांधी। अमृत विचार

### जातिवाद छोड़ विकास के रास्ते पर चल पड़ा देशः मेनका

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने बुधवार को अपने चुनावी दौरे में गायत्री मन्दिर में जाकर हवन-पूजन किया। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम व मां दुर्गा सबका कल्याण करें। श्रीमती गांधी ने बुधवार को गोलाघाट स्थित अपने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,विधायक विनोद सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय व लोकसभा प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी व वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मंत्रोच्चार व फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं की फौज और उनकी ताकत अबकी बार सुलतानपुर में नया इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा देश जातिवाद से निकलकर विकासवाद के रास्ते पर चल पड़ा है ।उन्होंने सभी का जातिवाद से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर वोट करने का आवाह्न किया। श्रीमती गांधी ने रामदासपुर में डां आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पारिजात धाम की आरती में उमड़े श्रद्धालु

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला उद्योग परिसर में स्थित कल्पवृक्ष पारिजात धाम पर श्री रामनवमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दीपक जलाकर परिसर को रोशन किया गया। पारिजात जी की महाआरती उतारी गई। प्रसाद वितरण किया गया। श्री राम जी का जन्म उत्सव सभी भक्तों ने धूमधाम से मनाया। कल्पवृक्ष सेवा समिति द्वारा प्रत्येक एकादशी को आरती का आयोजन धाम पर किया जाता है। महा आरती में अंकित श्रीवास्तव, सत्यम चौरसिया, अनिल सिंह,दुर्गेश, गोकूल, पूनम आदि मौजूद रहे।

### जय श्रीराम से गूंजा सीताकुंड धाम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ ने प्रभु श्री राम का प्राकट्योत्सव श्री सीताकुंड धाम पर जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के नेतृत्व में मनाया। मुख्य अतिथि गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन व सभासद रमेश सिंह टिन्नू रहे। अतिथि द्वय ने प्रभु श्री राम के चित्र पर माला अर्पण किया। इसके बाद भजन, कीर्तन, हवन, पूजन किया गया। मदन सिंह ने कहा कि हमारी पीढ़ी बड़ी ही भाग्यशाली है जो आज प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पर जन्मोत्सव होते हुए देख पा रही है। अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यहां राकेश मिश्र, राजेश पाठक, शुभेन्द्र सिंह, सेनजीत कसौधन, देवेन्द्र विक्रम सिंह, तेजस्व पांडेय, अनिल सिंह, सचिन पांडेय महामंत्री, अजय प्रताप सिंह, दिव्यांश, राजेन्द्र शर्मा, सत्यम सिंह और आदित्य अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।


सीताकुंड धाम पर मना श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम।

# दुनिया वाले क्या कहते हैं उसकी भी परवाह नहीं...

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान में रानीपुर कायस्थ गांव में स्थित महाकालेश्वर अवसान माता शनि देव मंदिर के परिसर में अवधूत उग्र चंडेश्वर श्री कपाली महाराज की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी में अनेक कवियों का जमावड़ा हुआ।

बृजेश कुमार पांडेय इंदु की सरस्वती वंदना रग रग में नई जवानी माई भर दे... के साथ कवि गोष्ठी का प्रारंभ हुआ। आशु कवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने सुनाया मैं जिस मस्ती में डूबा हूं, उसकी कोई थाह नहीं है, दुनिया वाले क्या कहते हैं उसकी भी परवाह नहीं है। डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट ने सुनाया स्वार्थ में ढलता रहा है आदमी का हर प्रहर, मिल गया है आदमी के दिल में ये कैसा जहर। डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु ने पढ़ा जन-जन को मिलता रहे रोटी वस्त्र मकान, विश्व बंधु बनता रहे प्यारा हिंदुस्तान। कवि सर्वेशकांत वर्मा ने सुनाया चलाते लेखनी कविवर सहज ही खूब लिखते हो, कभी मामा, कभी चंदा को भी महबूब लिखते हो। इंदु सुलतानपुरी ने सुनाया मंच के परपंच मा पछिताए रही कविता, दही दही कहि के विचाय रही कविता। गोष्ठी में नफीसा खातून, पंकज वर्मा, कमल नयनम तिवारी और नागेंद्र ने भी अपनी कविताएं पढ़कर तालियां बटोरी।

# कड़ी सुरक्षा में निकाली गई शोभा यात्रा

- पूरा कोइरीपुर शोभायात्रा से राममय नजर आया

चांदा, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत कोइरीपुर में ईद के दिन हुए दो समुदायों के विवाद को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। बुधवार को विगत वर्षों की भांति श्री राम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भव्य श्री राम शोभायात्रा निकली। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल मुस्तैद रहे।

शोभा यात्रा का शुभारंभ दोपहर बाद वृन्दावनेश्वर हनुमान मन्दिर से शुरू हुई रथ पर सवार भगवान श्री राम के बाल रूप की मूर्ति स्थापित कर पूर्व चेयरमैन सुधीर साहू ने किया। यह शोभा यात्रा वहां से शुरू होकर कस्बा चौक व जालपा मन्दिर होते हए कस्बा भ्रमण के साथ श्री राम जानकी मन्दिर छोटा शिवाला होकर हनुमान नगर के संकट मोचन हनुमान मन्दिर से वापस होकर पुनः उसी स्थान पर आकर समाप्त हुई। भव्य शोभा यात्रा में डीजे बाजे के साथ तासा ढोल बाजा घोड़े आदि शामिल रहे। शोभा यात्रा में जगह-जगह कस्बे वासियों द्वारा नाश्ता व जलपान की व्यवस्था की गई थी। वही जगह-जगह कस्बे के लोगों द्वारा फूल मालाओ से वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया व श्री राम की आरती उतारी। शोभा यात्रा का नेतृत्व मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राम टहल जी महाराज ने किया।


कोइरीपुर में पुलिस की मौजूदगी में निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

### बाबा मौलेश्वर नाथ मंदिर में स्मृति ईरानी ने की पूजा-अर्चना

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राम नवमी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी हलियापुर के महादेवन मंदिर पहुंची। उन्होंने मंदिर पर माथा टेक और विधि विधान से पूजा अर्चना की। यहां उन्होंने मंदिर के पुजारी से आशीर्वाद भी लिया। बता दें कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सुलतानपुर जनपद के आंशिक गांव मिझूटी बाबा मौलेशवरनाथ मंदिर महादेवन बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री व अमेठी की लोकसभा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया। पूजा दर्शन के बाद अमेठी लोकसभा क्षेत्र के अन्य कार्यक्रमों के लिए वापस चली गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता हिंदेश सिंह, निर्मल सिंह,कुंवर मुकेश सिंह,जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय,कृष्ण कुमार यादव,रवींद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार को मातृ शोक दी गई श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गुरेगांव निवासी पत्रकार व अखबार विक्रेता बाबूराम यादव की माता कैलाशी देवी (76) का मंगलवार दोपहर निधन हो गया। वह एक महीने से बीमार चल रही थी।

उनके निधन पर पत्रकार सतीश पांडेय, राकेश तिवारी, अजय पांडेय, संजय सिंह, रोहित पाठक, पवन मिश्रा, अभय राज वर्मा, भूपेश पांडेय, भूपेन्द्र सिंह, अश्वनी सिंह, अजय दुबे, रोहित सिंह, रणजीत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, अखबार विक्रेता सन्तोष प्रजापति सहित गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

**आस्था** | शक्ति पीठों पर कन्या भोज कराकर श्रद्धालुओं ने किया व्रत का पारण

# रामनवमी के हवन-पूजन से सुगंधित हुआ वातावरण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चैत्र रामनवमी का पावन पर्व बुधवार को हवन-पूजन के बीच मनाया गया। देवी मंदिरों पर रामनवमी के दिन सुबह से ही हवन में आहुतियां दी गईं और प्रसाद बांटा गया। नौ दिन व्रत रखने वालों ने कन्या भोजन करवाया। दोपहर बाद मंदिरों पर राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ। कई स्थानों पर शाम को भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

सुपर मार्केट स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ, कुड़वार नाका स्थित गायत्री मंदिर, नयना माता मंदिर रूद्रनगर, शाहगंज स्थित प्राचीन मां काली मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों पर सुबह से सामूहिक हवन का कार्यक्रम हुआ। मंदिरों पर कन्याओं को भोजन कराकर प्रसाद बांटा गया। दोपहर बाद राम जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। वहीं, लोहरामऊ के देवी मंदिर पर सुबह से लेकर शाम तक विविध आयोजन हुए। यहां दिन भर हवन हुआ। श्रद्धालुओं ने दान देकर पुण्य अर्जित किया।


गायत्री मंदिर परिसर में सामूहिक हवन में आहुतियां डालते लोग। अमृत विचार

### संपूर्ण विश्व में व्याप्त है रामः प्रो. तिवारी

**कादीपुर, सुलतानपुर :** संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में रामनवमी महोत्सव के अवसर पर कर्मयोगी पंडित राम किशोर त्रिपाठी की 100वीं जयंती उल्लास पूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर आयोजित श्री राम और राम कथा की भारतीय संस्कृति में व्याप्ति विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो राम जी तिवारी, पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग मुंबई विश्वविद्यालय ने कहा कि राम सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हैं। वह एक देशीय नहीं, एक धर्मीय नहीं अपितु वह सब में रमने वाला है। भारतीय संस्कृति में राम नाम बहुतों का उद्धार करता रहा है। राम के उद्दात्त गुणों को अपनाकर ही हम आदर्श समाज की स्थापना कर सकते हैं। कर्मयोगी पंडित जी ऐसे ही सत्पुरुष थे, जिनका सुयश चतुर्दिक फैला हुआ है। विशिष्ट अतिथि डॉ ओंकार नाथ द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, संत तुलसीदास पी.जी. कॉलेज ने कहा कि राम जैसा व्यक्तित्व पूरे विश्व में कहीं नहीं है। वे भारतीय संस्कृति के प्रतीक पुरुष हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने किया। महाविद्यालय के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी, प्राचार्य प्रो रामनयन सिंह, डॉ सुशील कुमार पांडेय, प्रतीक कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सिंहपुर से जिला मुख्यालय पहुंचना आसान नहीं

**अमेठी, अमृत विचार :** ब्लाक सिंहपुर से अमेठी जिला मुख्यालय पहुंचना आसान नहीं है। रायबरेली जिले से अमेठी जिले मे शामिल होने के बाद लोगों को लगा कि जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी और जिस तरह वह रायबरेली पहुंचते थे। उसी तरह अमेठी गौरीगंज जिला पहुंचना आसान होगा। लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ। रायबरेली से कटकर 14 साल पूर्व अमेठी जिले में शामिल होने का लोग अभी तक भुगत रहे है। जिला मुख्यालय तक वहीं लोग जा सकते है। जिनके पास निजी वाहन है जिन गांवों से जिला की दूरी 65 से 70 किलोमीटर है उन गांवों से प्रदेश की दूरी प्रदेश राजधानी की दूरी लगभग इतनी ही है। इसी कारण प्राथमिक विद्यालय बैंक या अन्य कर्मचारी नौकरी करने के लिए लखनऊ में कमरा ले कर वहीं से आते जाते हैं। वहीं लोगों का कहना है कि सिंहपुर, शिवरतनगंज, सेमरौता, तिलोई, जायस होते हुए एक बस चलायी जाए जो कि लोगों को तहसील से लेकर मंडी और जिला मुख्यालय से जुड़ाव आसान हो सकता है।

### साईं भजन संध्या की 15वीं वर्षगांठ पर झूमे भक्त

**अमेठी, अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में शिरडी साई विंध्यवासिनी समिति द्वारा साई भजन संध्या की 15वीं वर्ष गांठ मनाई गई। शाम को साई पालकी निकाली गयी जो रोड नम्बर एक से होते हुए साई पार्क वापस पहुंची। साई आरती के बाद अंशु गोस्वामी ज्योति गोस्वामी, नेहा द्विवेदी व भोलाराज की भजनों पर भक्त झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार मुहम्मद तौफीक ने की। साई बाबा के दरबार में साई बाबा के साथ खाटू श्याम, सालेसर बालाजी, दुर्गा माता, भगवान राम, शंकर आदि देवी देवताओं का लोगो ने दर्शन किया। समिति अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने बताया कि सबका मालिक एक कहने वाले साई बाबा सभी जाति धर्म के लोगो को जोड़ने का काम किया जो नफ़रत के बीच सद्भावना व प्यार का संदेश देता है।

# नवरात्र पूर्णाहुति पर गायत्री शक्तिपीठ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## पूजन के साथ आयोजित हुआ कन्या भोज, विशेष मंत्रों के साथ दी गई आहुति

अमेठी

**अमृत विचार :** नवरात्रि के अंतिम दिन गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित पुर्णाहुति में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन किया। पंच कुंडीय महायज्ञ की पालियां सुबह 8 बजे से दोपहर तक चलती रही। प्रत्येक पाली में गायत्री मंत्रों के साथ-साथ, आदिशक्ति मां दुर्गा के विशेष मंत्रों के साथ आहुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर नवरात्रि में नौ दिन का विशेष अनुष्ठान करने वाले साधकों ने भी पूर्णाहुति के साथ अपना अनुष्ठान पूर्ण किया। परिव्राजक आचार्य इंद्रदेव ने विधि विधान से समस्त कार्यक्रम सम्पन्न कराते हुए उपस्थितजनों को सत्प्रवृत्तियों के संवर्धन के लिए युग निर्माण योजना के 18 संकल्पों को जीवन में धारण करने की प्रेरणा देते हुए दोनों हाथ उठाकर संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अन्नप्रासन, विद्यारम्भ, दीक्षा और यज्ञोपवीत संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने सभी को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 21वीं सदी नारी सदी का उद्घोष बहुत पहले कर दिया था। नारी के सम्मान और उन्हें बराबरी का दर्जा देने से ही समाज और राष्ट्र समर्थ और सशक्त बनेगा।

नवरात्रि में हम मां की आराधना करते हैं। साथ ही हमें नारी सम्मान के दृष्टिकोण को अपने जीवन में अपनाना होगा। नारी सशक्तिकरण गायत्री परिवार का प्रमुख अभियान है और इसे सफल बनाने के लिए हम सभी संकल्पित हैं।


हवन-पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### डॉ. चिन्मय पण्ड्या का जन्मदिन मनाया गया

रामनवमी के पावन दिन देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या का जन्मदिन मनाया गया। महामृत्युंजय मंत्र की यज्ञाहुतियों के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की गई। हवन पूजन, राम जन्मोत्सव व आदिशक्ति की आरती के पश्चात कन्या भोज का आयोजन हुआ। सैकड़ों कन्याओं का उपस्थित महिलाओं ने तिलक कर पूजन किया। कन्या भोज व सहभोज का कार्यक्रम शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. चंद्रावती सिंह, त्रिवेणी प्रसाद सिंह, डॉ. दीपक सिंह, लाल अशोक सिंह, अशोक मिश्रा, अवधेश सिंह, अखिलेश पांडेय, पुनीत सेन, मगनलाल कौशल, चिरौंजी लाल, डॉ. आर.पी. सिंह, सुशील जायसवाल, प्रेम गुप्ता, रमेश चंद्र पांडेय, ओम प्रकाश लोहिया, महेश मिश्र, गोविंद सोनी, श्रीओम, महेश बरनवाल, पवन मिश्र, प्रभात पटेल आदि उपस्थित रहे।

### मार्च 2025 में होगा राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

डॉ. सिंह ने कहा कि अमेठी के लिये बड़े सौभाग्य और हर्ष का विषय है कि 18 से 22 मार्च तक अमेठी में राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन की स्वीकृति मिल गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मंत्र लेखन एवं धर्म घट स्थापना का अभियान चलाया जा रहा है। आप स्वयं इस अभियान से जुड़ें व अपने निकटवर्ती औरों को भी जोड़ें।

### स्मृति ईरानी ने रामजानकी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अमेठी।** नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के मौके पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के सिंहपुर ब्लॉक सेमरौता में स्मृति ईरानी ने रामजानकी मंदिर में माथा टेका और पूजा अर्चना के बाद अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष समेत कई नेता मौजूद रहे। स्मृति ईरानी बुधवार को लोक सभा क्षेत्र तिलोई राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, राजा अवनींद्र प्रताप सिंह, देवी बाजपेई, लोले बाजपेई, तारक नाथ बाजपेई, मुन्नू बाजपेई, विनोद शुक्ला, चन्द्र किशोर शुक्ला, सुशील चन्द्र पाण्डेय, पवन बाजपेई, श्याम सुंदर पाल, राजकुमार पाण्डेय, जयप्रकाश पांडेय और अन्य लोग मौजूद रहे।


पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरित करतीं स्मृति ईरानी।

# जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता की


पीड़ितों को आर्थिक मदद करते उद्योगपति राजेश मसाला। अमृत विचार

**अनुकरणीय**

▶▶ शादी विवाह में आर्थिक मदद के साथ ही दी राशन की किट

अमेठी

**अमृत विचार :** राघवराम सेवा संस्थान के चेयर पर्सन उद्योगपति राजेश मसाला ने बुधवार को चैत्र राम नवमी के मौके पर पीड़ितो और जरूरत मंदो की मदद की।

उन्होने राजेश ने शिव कुमार यादव, संतोषी देवी, राजमन यादव, मोहन लाल मौर्य, प्रताप नारायण कश्यप, संतोष विश्वकर्मा, धीरज वर्मा, सुतवीर सिंह की आर्थिक सहायता के साथ राशन किट देकर सहयोग किया। इस मौके पर उन्होने बताया कि हम सब सनातन को मानने वाले लोग हैं। सनातन का मतलब ही लोगों की मदद प्रेम भाईचारा स्थापित करना है और आज तो चैत्र राम नवमी का पवित्र दिन है। इस लिए मैंने जरूरत मंदो और पीड़ितों की मदद का फैसला लिया। राजेश ने कहा कि मुझे अपने माता पिता से यही संस्कार मिले हैं। साथ ही दीदी स्मृति ईरानी से भी ऐसे कार्यो के लिए प्रेरणा मिलती रहती है। राजेश ने कहा कि हम सब सनातनी हिन्दू है। राम लला अयोध्या में अपने घर में विराजमान हो गये है। हम सब के लिए यह उत्सव का दिन है। उधर सहायता मिलने के बाद जरूरत मंदों के चेहरे खिल उठे।

# युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

अमेठी

**अमृत विचार:** लगातार यूथ कांग्रेस अमेठी में सदस्यता बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। वरिष्ठ नेता रहे कांग्रेस पार्टी में लल्लू सिंह के पोते ओम सिंह ब्लॉक शुकुल बाजार, जगदीशपुर राहुल गांधी के संघर्षों को देखते हुए प्रियंका गांधी के संघर्षों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को स्वीकार किया। गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह और अमेठी के प्रवक्ता अनिल सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष शुक्ल बाजार बब्बन द्विवेदी के उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

साथ में अमेठी विधानसभा के भगनपुर से आशीष तिवारी और कमलापति तिवारी दरपीपुर भी यूथ कांग्रेस की सदस्यता लिया। साथ में उपाध्यक्ष संजीव पुष्पकर, जिला सचिव यूथ कांग्रेस अभय शुक्ला इत्यादि लोग सम्मिलित हुए। ओम सिंह ने बताया कि बेरोजगारी बहुत है इस सरकार में तानाशाही है और हम सब तानाशाही से डरने वाले लोग नहीं है। आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हर बूथों पर जिताया जाएगा। हम सब डरने वाले लोग नहीं है। हम सब राहुल गांधी के लिए तन मन धन से तैयार है।


कांग्रेस कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण करते युवा। अमृत विचार

# 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**आपदा**

▶▶ कई किसान प्रभावित, समय से नहीं पहुंचा अग्निशमनदल

जामो, अमेठी

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत रानीपुर सीवान में आग लगने से लगभग 25 बीघे गेहूं जलकर राख हो गया। बुधवार को ग्राम रानीपुर मजरे बलभद्रपुर के उत्तर पश्चिम की तरफ गेहूं के खेतों में लगभग सवा तीन बजे आग लग गई। देखते ही देखते हवाओं के साथ आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से रानीपुर में जली 25 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच पाई। आग लगने का कोई कारण स्पष्ट नही हो पा रहा है। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आधा दर्जन किसानों का नुकसान हुआ है। कृषक राम मिलन ने बताया कि हम अपना गेहूं बांध रहे थे तभी दूसरी तरफ से आग इतना विकराल रूप ले लिया था कि हम लोगो को गेहूं के खेत से भागना पड़ा। कुछ ही देर में गेहूं जलकर खाक हो गया। कृषक छोटेलाल, रामतीरथ, अगंनु सरोज, राम दुलारे, राम बहादुर मिश्र आदि लोगो का गेहूं जलकर खाक हो गया। कृषकों ने बताया कि गेहूं की फसल में आग लगने से साल भर का राशन जल कर खाक हो गया। किसानों का कहना है कि हम लोग गरीब है, हम अपने बच्चो का पेट कैसे भरेंगे। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि जैसे ही हमे आग लगने की सूचना मिली आग बुझाने के लिए पुलिस की टीम भेज दिया गया था।

# जिपं अध्यक्ष ने कालिकन भवानी धाम में बांटा प्रसाद

**अमेठी, अमृत विचार:** उद्योगपति जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) ने शाम कालिकन भवानी धाम परिवार सहित पहुंच कर आरती में हिस्सा लिया और प्रसाद का वितरण किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा इस तरह का कार्यक्रम हर नवरात्रि में आयोजित किया जाता है। जहां वह परिवार सहित मां की आरती करने के बाद प्रसाद का वितरण करते है। इस मौके पर उन्होने कहा कि मां की कृपा हम सब क्षेत्र वासियों पर हमेशा बनी रहती है। आप सब खुद महसूस कर सकते हैं कि हमारा यह क्षेत्र तूफान, ओलावृष्टि, बाढ़ या किसी भी तरह की आपदा से हमेशा सुरक्षित रहता है, यह मां की ही कृपा का परिणाम है।

एक सवाल के जबाव में उन्होने कहा कि जहां पर धर्म है, वहीं पर पर प्रगति है। सनातन हमारे देश की नींव है सनातन मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा क्योकि धार्मिक विकास के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

# भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

अमेठी

अमृत विचारः भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अदभुत रूप निहारी। प्रभु जन्म की कथा को विस्तार से कही। बताया कि भगवान श्री राम के जन्म के साथ ही हनुमान जी के भी जन्म का संबंध भी जुड़ा है।

स्वामी परमहंस आश्रम में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन जगद्गुरु स्वामी राम स्वरूपाचार्य ने बताया कि एक महात्मा के तप को भंग करने स्वर्ग से एक अप्सरा आई लेकिन महात्मा ने उसे श्राप दे दिया। शापित अप्सरा एक चील बन गई। अप्सरा ने उद्धार पूछा तो महात्मा ने उपाय बताते हुए कहा कि तुम अयोध्या में रहो। कथा श्रवण कर यज्ञ का प्रसाद ग्रहण करो। जाने अनजाने में किया गया पाप से मुक्ति का मार्ग बताया और कहा कि भगवान के दर्शन मात्र से ही अंजाने में हुआ पाप नष्ट हो जाता है। जगद्गुरु ने बताया कि अयोध्या में ऋषि सृंगी ने यज्ञ करवाया। यज्ञ में आए अग्निदेव ने यज्ञ का प्रसाद कौशल्या को दिया और उसके आधे का आधा कैकेई को दिया। कैकेई ने सवाल उठाते हुए प्रसाद को बगल रख दिया। उसी प्रसाद का एक टुकड़ा चील ले भागी और वहां पहुंची जहां अंजना माता तपस्या कर रही थीं। अंजना माता ने प्रसाद के प्रभाव से आंख खोली तो उन्हे अयोध्या के साथ यज्ञ, राजा दशरथ, गुरु वशिष्ठ, श्रृंगी ऋषि के दर्शन हुए। अंजना माता ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी का जन्म हुआ। कथा में प्रभु श्री राम के आदर्शों व उनके आचरण पर भी जगद्गुरु ने प्रकाश डाला। श्रीराम कथा के प्रारंभ होने से पहले परमहंस सेवा समिति के परमाध्यक्ष हरि चैतन्य ब्रह्मचारी, सचिव हर्ष चैतन्य ब्रह्मचारी व समिति के संरक्षक अवधेश पाण्डेय ने चरण पादुका के साथ पीठ का पूजन कर आरती की। इस मौके पर संतोष शास्त्री, सत्य प्रकाश पाण्डेय, अतुल त्रिपाठी, संजय सोनारी, राकेश अग्रवाल मौजूद रहे।


कथा सुनाते स्वामी राम स्वरूपाचार्य।


## वर्ग पहेली-43

**बाएं से दाएं**

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।
5. 1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।
6. 1. वर्णन 2. कथन।
7. 1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।
9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।
10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।
2. 1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।
4. 1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।
6. 1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।
7. 1. एक प्राचीन भाषा पालि
8. 1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट



### वर्ग पहेली -42 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 यू | थ | ■ | ■ | 2 इ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 प | र | का | र | ■ |
| 4 ढी | ■ | ■ | ■ | रां | ■ | 5 दु |
| 6 ठ | कु | 7 रा | ई | त | ■ | नि |
| ■ | ■ | ज | ■ | ■ | ■ | या |
| 8 ख़ | री | दा | री | ■ | ■ | दा |
| ■ | ■ | न | ■ | 9 ह | ज़ा | री |

## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

### सुडोकू -121 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17.31 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 07.57 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष:** आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

**वृष:** आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

**मिथुन:** आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

**कर्क:** आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**तुला:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।

**धनु:** आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

**मकर:** आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

**कुंभ:** आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

**मीन:** आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तेरी कसम — सुबह : 10.41
- ताल — रात : 09.25

&pictures
- 12th फेल — सुबह : 09.01
- द लेडी किलर — रात : 09.03

SONY PIX
- लाइट आउट — सुबह : 09.33
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.38

ZEE CINEMA
- वो सात दिन — सुबह : 11.30
- राधे श्याम — रात : 08.45

colors CINEPLEX
- मीरा — सुबह : 11.23
- आवारा पागल दीवाना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!
मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?
चिंटू : मोबाइल बेचकर।
चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

सर्वाभिलाषिण : सर्वभोजिन : सपरिग्रहा : ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।

## संपादकीय

# नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोज़गारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोज़गार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

# विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का हो या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

> धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंनें अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# यमुना की बदहाली गाथा

> सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।

हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे हैं। सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।

विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

# आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दवाब में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

# ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।

बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन , अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

# बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह उसी तरह है जैसे अठ्ठाईस साल की उम्र को छूते ही मुझे शादी की दरकार हो गई थी और विलंब से होने वाली बारिश और शादी की परिणति दोनों ही आंधी तूफान से शुरू होती है। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर गए हैं और जो बारिश होगी वो ओलों और आंधी-तूफान के साथ ही आनी है। फलदार पेड़ों पर जो थोड़े फल दिखाई दे रहे हैं वे समय असमय काल कवलित हो जाएंगे।

# मां के साथ सो रही डेढ़ साल की बच्ची लापता

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार**। हंडिया थाना क्षेत्र के मंदर गांव में मां के साथ चारपाई पर सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची का शव 200 मीटर दूर झाड़ियों में मिला। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने रात में ही पहुंचकर साक्ष्य जुटा लिया पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बतादेंकि हंडिया के मंदर गांव निवासी महेंद्र मुसहर मजदूरी करता है। बीती रात वह गेहूं की मड़ाई करने के लिए पास के गांव में गया हुआ था। घर में उसकी पत्नी रानी अपनी डेढ़ साल की बेटी को लेकर रात में चारपाई पर सो रही थी। देर रात उसकी नींद खुली तो बेटी चारपाई पर नहीं थी। वह वहां से गायब थी। इसके बाद वह काफी खोजबीन की। काफी देर के बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा। उसने पास के गांव में मड़ाई करने गए अपने पति को जानकारी दी। पति-पत्नी दोनों टॉर्च लेकर काफी देर तक खोज भी करते रहे। खोजबीन के बाद करीब 200 मीटर दूर एक गड्ढे में झाड़ियों के बीच बच्ची का शव देखा तो दोनों चीखने लगे। गांव के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। जानकारी पाकर एसीपी हंडिया पंकज लावनिया के अलावा कोतवाली हंडिया के बीके गौतम फोर्स के साथ पहुंच गए।

**दो सौ मीटर की दूरी पर झाड़ियों में मिला शव**

रात में ही फोरेंसिक ने पहुंच कर सबूत को जुटाना शुरु कर दिया। काफी देर तक छानबीन के बाद घटना के कारण पता नहीं चल सका। बच्ची के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए है। आशंका जाहिर की जा रही है कि गला घोटकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** शहर से बाइक से रात में घर लौटते समय युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर पंचायत अंतू के डेंगुर चिरई मिश्र का पुरवा निवासी 45 वर्षीय संतोष मिश्र अंतू स्थित एक स्कूल में वाहन चलाते थे। मंगलवार रात करीब नौ बजे शहर से घर जा रहे थे। रास्ते में चिलबिला मुसाफिरखाना हाईवे पर डंगरी प्राइमरी के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल अवस्था में इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेजवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के दो बेटे हैं। बेटे अंकित मिश्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज पुलिस छानबीन कर रही है।

## इलाहाबाद संग्रहालय के नाम में बदलाव प्रयागराज के नाम से जानेंगे लोग

**प्रयागराज, अमृत विचार।** शहर के चंद्रशेखर पार्क में स्थित इलाहाबाद संग्रहालय के नाम में भी अब बदलाव किया जा रहा है। इसे अब इलाहाबाद नहीं बल्कि प्रयागराज संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए काफी समय से चल रही प्रक्रिया को अब पूरा कर लिया गया है। मंगलवार को ही प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इसके लिए हरी झंडी देते हुए संग्रहालय प्रशासन को निर्देश दिया है कि नाम बदलने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

यह संग्रहालय यूपी इकलौता संग्रहालय है, जो हमारी संस्कृति और प्राचीन सभ्यता को संजोए हुए है। इस म्यूजियम में देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महापुरुषों और क्रांतिकारियों की भी गाथा को दर्शाया गया है। महात्मा गांधी से लेकर चंद्रशेखर आजाद से जुड़ी अहम जानकारियां इस संग्रहालय में संरक्षित की गई है। अब हाल में ही इलाहाबाद संग्रहालय को हाईटेक बनाया है। यहां आजाद गैलरी भी बनाई गई है, जो देश की आजादी से जुड़ी अहम घटनाओं को डिजिटल रूप में दिखाएंगे। इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने राज्यपाल के समक्ष संग्रहालय के प्रवेश द्वार समेत प्रस्तावित डिजाइन का प्रस्तुतिकरण भेजा है। निदेशक ने बताया कि संग्रहालय का प्रस्तावित गेट को और भी सुंदर बनाया जाएगा। प्रवेश द्वार पर दो गेट का प्रावधान किया गया है।

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नाम बदलने की प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश**




## राम नवमी पर निकली शोभा यात्रा में जुटी भीड़

**नैनी, अमृत विचार।** नैनी के धनुहा मोहल्ले से बुधवार को राम नवमी पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। यात्रा से पूर्व हुए कार्यक्रम में विधायक बारा वाचस्पति ने आयोजकों को आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर सौरभ तिवारी संयोजक एवं अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक बारा वाचस्पति, पिछड़ा मोर्चा काशी प्रांत अध्यक्ष दिलीप चौरसिया, रमाकांत विश्वकर्मा, गौरव तिवारी, दिलीप तिवारी, पूर्व प्रधान सरोज, हर्षित, अनुराग तिवारी, प्रियांशु पांडेय, बालकृष्ण मिश्र, प्रांजल शर्मा, गौरव तिवारी, शिवा अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फंदे से लटकता मिला राजगीर का शव

जगेशरगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** अंतू लोहंगपुर गांव में आंवले की बाग में डाल पर युवक का शव के साड़ी के फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों ने देख कर परिजनों व पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो शव सड़क पर रखकर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। सीओ के समझाने पर अंतिम संस्कार को तैयार हुए।

अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगपुर गांव निवासी 42 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र स्व. साधूराम घर पर ही रहकर राजगीर का काम करता था। मंगलवार देर शाम शराब के नशे में घर पहुंचा तो पत्नी तारा देवी से कहा सुनी होने लगी।इस दौरान पत्नी को मारने पीटने लगा,फिर कहीं चला गया। रात में घर पर वापस आया तो गेट पीटने लगा। डर बस पत्नी तारा देवी ने गेट नहीं खोला। बुधवार की सुबह घर से कुछ दूर आंवले की बाग में शव साड़ी के फंदे से लटकता मिला। राजेश का शव देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी।

मृतक के बड़े भाई मनीराम ने अंतू पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पत्नी तारा देवी की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मां और पिता की मौत करीब पहले ही चुकी है। मृतक का शव जिस साड़ी के फंदे से लटका था।वह साड़ी घर की ही थी।मृतक के चार बच्चे है, सबसे बड़ी लड़की की शादी हो चुकी है।एक बड़ा लड़का परदेश में रहता है।पत्नी तारा व एक बेटी, दो बेटों के साथ घर पर ही रहता था। युवक की मौत से परिजन बिलखते रहे। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए चिलबिला - अमेठी हाईवे पर शव रख कर प्रदर्शन करने लगे। करीब दो घण्टे बाद सीओ सिटी शिव नारायण बैश के समझाने पर लोग अंतिम संस्कार को तैयार हुए।

# कमरे में मिला महिला कांस्टेबल और सिपाही का शव

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** प्रयागराज में मंगलवार की रात बंद कमरे में महिला कांस्टेबल और सिपाही की लाश मिलने के मामले कुछ तथ्य सामने आये है। जिसमें यह पता चला है कि दोनों के बीच काफी समय से अफेयर चल रहा था। कंस्टेबल राजेश अपनी पत्नी को तलाक देना चाहता था और प्रिया से शादी करना चाहता था। फिलहाल पुलिस प्रिया के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

अधिवक्ता ताहा अहमद का मकान है। जहां प्रिया तिवारी दूसरी मंजिल पर किराए का कमरा लेकर रहती थी। पुत्री अनूप कुमार तिवारी दारागंज स्थित संगम पर्यटन थाने में तैनात थीं और मूल रूप से कानपुर के नौबस्ता में भहरिया चौराहे के पास की रहने वाली थीं। वहीं 2019 बैच का आरक्षी राजेश पुत्र गिरधारी लाल मूल रूप से मथुरा के धनिपुरा, थाना भगोरी का रहने वाला था और पिछले दो साल से एसीपी कोतवाली कार्यालय में तैनात था। राजेश 16 अप्रैल मंगलवार को ड्यूटी पर नहीं गया था। उसका फोन भी नहीं उठ रहा था। उसके साथी पुलिस कर्मियों ने उसका पता लगाना शुरू किया।


मृतक राजेश


मृतक प्रिया

### प्रिया के गले व शरीर में चोट के निशान

कमरे में सिपाही का शव पंखे से लटकता मिला था। जबकि महिला सिपाही की लाश पलंग पर पड़ी थी। इससे पहले आत्महत्या बताया जा रहा था लेकिन कांस्टेबल प्रिया के गले में मिले निशान हत्या की ओर इशारा कर रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच से लग रहा था कि सिपाही राजेश ने गुस्से में आकर पहले प्रिया तिवारी का मर्डर किया इसके बाद आत्महत्या कर ली। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही मामला साफ होगा। प्राथमिक जांच में प्रिया के गले पर निशान पाए गए हैं। उसके गले का कुछ हिस्सा काला पड़ा हुआ है। शरीर पर एक-दो जगह चोट के निशान भी मिले हैं।

### प्रिया से मिलने आता था राजेश

पड़ोसियों से पूछताछ में पता चला कि राजेश अक्सर प्रिया से मिलने उसके कमरे पर आता था। दोनों के बीच रिश्तों की कहानी भी सामने खुलकर आ रही है। राजेश शादीशुदा था। उसके व्हाट्सएप चैट से पता चला है कि उसकी पत्नी से उसका विवाद चल रहा था। वह पत्नी से तलाक लेना चाहता था। अब पुलिस इस मामले में राजेश की पत्नी का बयान दर्ज करेगी। पुलिस प्रिया और राजेश के मोबाइल की कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट खंगाल रही है। अब तक की जांच में पुलिस को यह पता चला है कि दोनों के बीच अफेयर चल रहा था मोबाइल चैट में कुछ ऐसी बातें भी सामने आई है।

# पोस्टमार्टम के बाद दोनों का शव परिजनों के किया सुपुर्द

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** शाहगंज के एक कमरे में मृत मिले महिला और पुरुष कंस्टेबल क़ी मौत के मामले में मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। दोनों कि मौत के बाद बुधवार को कानपुर और मथुरा से आए दोनों मृतकों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। जहां वह फूट-फूटकर रोते रहे। घटना के बारे में दोनों के परिवार वालों ने कुछ भी नहीं बोला।

पोस्टमार्टम के बाद शव को दोनों के परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। महिला सिपाही के परिजनों ने उसका रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं पुरुष सिपाही के परिजन शव दे अपने साथ लेकर मथुरा चले गए। बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर सिपाही राजेश वैष्णव के पिता और भाई के साथ ही पत्नी नीतू भी पहुंची थी।

उन्होंने घटना के बारे में किसी से कोई बात नहीं की। दोनों पक्ष की ओर से पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस अफसरों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि मौत का क्या कारण है। वहीं राजेश के शव को मथुरा ले जाने से पहले पुलिस लाइन ले जाया गया। वहां सलामी दी गई। इसके बाद परिजन पार्थिव शरीर लेकर मथुरा लेकर चले गए।

## ठेकेदार को बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर किया अगवा

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** अपनी साइट पर चल रहे कार्य को देखने के लिए निकले शटरिंग ठेकेदार को बाइक सवार बदमाशों ने पिटाई कर अगवा कर लिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से हड़कंप मच गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के आमापुरबेर्रा गांव निवासी विनोद कुमार शटरिंग की ठेकेदारी करते हैं। बुधवार को वह बाइक से अपने सहयोगी चंद्रशेखर के साथ अपनी साइट पर कठिंद्रा गांव जा रहे थे। रास्ते में गीता नगर बाजार के पास दोपहर करीब 3 .30 बजे दो पल्सर पर सवार चार बदमाश आये उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उसको मारापीटा और बाइक पर बैठा लिए। जबकि उसके साथ रहे सहयोगी चंद्रशेखर को बदमाशों ने धक्का मार कर सड़क के किनारे बने गड्ढे में धकेल दिया। स्थानीय लोगों ने चंद्रशेखर को गड्ढे से बाहर निकाला। इसके बाद चंद्रशेखर की सूचना पर डायल 112 पहुंची। मामले में ठेकेदार के परिजनों ने फतनपुर थाने में लिखित तहरीर दी। आरोप लगाया कि विनोद गौतम पैसा लेकर साइट देखने के बाद प्लाई खरीदने के लिए जाना था लेकिन बदमाश पैसे सहित उसको अगवा कर लिया।

# ट्रैक्टर के धक्के से बालक की मौत, तहरीर पर मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवघटा पांडेय गांव में मंगलवार की देर शाम तेजगति से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने सड़क किनारे खड़े बालक को धक्का मार दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे बालक के परिजनों ने आनन-फानन में बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर खड़ा कर फरार हो गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बालक के पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज ट्रैक्टर पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए थाना परिसर में खड़ा कराया गया। हलिया थाना क्षेत्र के देवघटा पांडेय गांव निवासी लालजी बिंद का 5 वर्षीय पुत्र आर्यन घर के बगल में रास्ते के किनारे खड़ा था कि ट्रैक्टर फार्मट्रैक बगल के गांव मवई कला गांव निवासी शुभम केशरी तेजगति लापरवाही से चलाता हुआ मेन रोड से देवघटा धुरिहा की तरफ जा रहा था कि आर्यन को धक्का मार दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया हम लोगों ने आनन-फानन में बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बालक को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर खड़ा कर फरार हो गया।

# पिकअप वाहन से नौ गोवंश बरामद

हलिया (मिर्जापुर)



**अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सीमा गड़बड़ा पुल के पास मंगलवार की रात्रि में लोकसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में हलिया पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान ड्रमंडगंज की ओर से आ रहे तेजगति से पिकअप वाहन को रोककर चेकिंग के दौरान मौके से दो तस्कर पुलिस को देखकर फरार हो गए।

पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर पिकअप वाहन से तीन गाय, चार बैल, दो बछड़े बरामद हुए। पिकअप वाहन सहित गो तस्कर को थाने पर लाकर गो तस्कर से पूछताछ किया जिस पर गो तस्कर ने बताया कि हलिया कोटार मार्ग से गोवंश को बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल गोवंशों को तस्करी करने के लिए लेकर जाते हैं। क्षेत्र में घूम रहे छूटा पशुओं को इकट्ठा कर वाहनों पर लादकर गो तस्करी करते हैं। पकड़ा गया गो तस्कर लालगंज के तिखोर गांव निवासी हनुमान को गिरफ्तार किया है। गो तस्कर को गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई श्यामलाल हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, अश्वनी मिश्रा, अशोक रहे। पकड़े गए गोवंश को कड़ी धूप में बिना चारा पानी के पुलिस द्वारा खुलें आसमान में रखा गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा हलिया ड्रमंडगंज थाना के सीमा क्षेत्र गड़बड़ा पुल पर वाहनों की चेकिंग के दौरान गोवंश लदी पिकअप से चेकिंग के दौरान पिकअप से नौ गोवंश बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो गो तस्कर मौके से फरार हो गए कार्रवाई किया जा रहा है।

# किसानों की गाढ़ी कमाई में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर राख

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जिले में बुधवार को अलग - अलग स्थानों किसानों की गाढ़ी कमाई में आग लग गई। भीषण अग्निकांड में 100 बीघे से अधिक की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कुछ जगह सूचना के बावजूद दमकल कर्मी भी समय पर नहीं पहुंच सके। कुछ जगह ग्रामीणों व फायरब्रिगेड कर्मियों के सहयोग से आग को काबू में किया गया। संयोग रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई। अफसरों ने क्षतिपूर्ति कराने का भरोसा पीड़ितों को दिया।



कोहंड़ौर थाना क्षेत्र के लौली, पूरे क्षमा तथा पूरे मनिकंठ गांव के दर्जनों किसानों का खेत नहर के किनारे पर है। बुधवार दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में पूरे मनिकंठ गांव निवासी मोती लाल मिश्र के कटे हुए गेंहू के डंठल में अचानक आग लग गई। धीरे - धीरे पूरे क्षमा गांव के बृजेंद्र पांडेय, विशाल पांडेय,कृष्ण कुमार पांडेय,राजीव शुक्ल, अंतिम शुक्ल के खेत भी आग की चपेट में आ गए। जिसे जो मिला वह उसमें पानी लेकर बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया। बगल में आशु पांडेय,राजेन्द्र पांडेय, अशोक पांडेय ,सुरेंद्र पांडेय, अमृता देवी मिश्र,ब्रह देव, संजीव शुक्ल, शोभनाथ पांडेय व लौली गांव के राघव राम के गेंहू की फसल राख हो गई। ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते रहे। सूचना पर नगर पंचायत कोहंडौर से पानी भरकर टैंकर पहुंचा। पूरे क्षमा गांव के संजीव कुमार शुक्ल के दरवाजे पर कटकर रखे गेंहू के बोझ में भी आग लग गई। तब तक फायरब्रिगेड की दो गाड़ी भी पंहुची तब जाकर करीब दो घण्टे बाद आग को काबू में किया गया। देल्हूपुर क्षेत्र के तौकलपुर गांव में गेहूं काटने वाली मशीन से निकली चिंगारी से गेहूं की खड़ी एवं काटी हुई फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। गांव के शमशाद,मुकीम, गफ्फार,सलीम, अयूब,सत्तार,समई,अभिषेक,प्रदीप ,राजाराम आदि के गेहूं की फसल राख हो गई।

### फसल के राख होने के बाद पहुंची फायरब्रिगेड

**मानधाता प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जनपद की विश्वनाथगंज विधानसभा की सबसे बड़ी ब्लाक मानधाता में लंबे समय से फायरब्रिगेड की मांग की जा रही है। आलम यह है कि 100 से अधिक ग्राम पंचायत वाले इस ब्लाक की सीमा में दो नगर पंचायत भी हो गई हैं। बावजूद इसके यहां एक भी फायर स्टेशन भी नहीं है। ऐसे में यहां जब भी भीषण आग लगी है स्थानीय लोगों के सहयोग से आग काबू में हो गई तो ठीक है। अन्यथा की स्थिति में जब तक फायरबिग्रेड की गाड़ी पहुंचती है तब तक सब कुछ जलकर राख हो जाता है। क्षेत्र के अरुण प्रकाश सिंह, सूरज मिश्र,रोहित सिंह,जनमेजय सिंह,अफसार अहमद,दीपू सिंह,अवनीश मिश्र कहते हैं की यह जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का परिणाम है।

## सार-संक्षेप

### रामभक्तों ने निकाली शोभायात्रा




**जौनपुर।** नगर में रामनवमीं की शोभायात्रा बुधवार को धूमधाम से निकाली गई। नगर व आसपास ग्रामों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। डीजे की धुन पर युवा जहां थिरकते रहे वहीं रामनाम के जयकारों से पूरा क़स्बा राम मय हो उठा। जलूस में दर्जन भर झांकी शामिल रहे। शिव जी के तांडव का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी खुद मोबाइल से वीडियो बनाने से रोक नही पाएं। जुलूस की निगरानी खुद सीओ अजीत सिंह चौहान संभाल रखे थे गोलबाजार स्तिथ रामलीला मैदान से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ज्योतिषाचार्य डॉ अवनीश सिंह शामिल हुए। यात्रा मुख्य मार्ग, पंजाब नेशनल बैंक, खुटहन मार्ग, पुरानी बाज़ार होते हुए बारा मोड़ काली मंदिर पहुंची। पुन : प्रारंभ स्थान पहुंचकर समाप्त हो गया। इस मौक़े पर प्रमुख रूप से एसएचओ दीपेंद्र सिंह, साइबर सेल प्रभारी योगेंद्र सिंह, दूधनाथ यादव, गजेंद्र पांडेय, अभिषेक कुमार परमार, जगदम्बा पाण्डेय, अमलेंद्र गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, धर्मचंद गुप्ता, पप्पू पटवा, सोनू बिन्द, किशन बिन्द, अनिल प्रजापति, आदर्श श्रीवास्तव समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

### नव कन्याओं का पांव पूज कर लिए आशीर्वाद



**जौनपुर, अमृत विचार।** शीतला धाम चौकिया में 9 दिन का नवरात्र के समापन पर चैत्र रामनवमी के पाव पर्व पर शीतला धाम चौकिया में विष्णु भगवान के प्रांगण में शीतला चौकिया धाम मंदिर के महंत विवेकानंद पांडा ने नौ कन्याओं का पांव पूजन किया वह पूडी हलवा खिलाकर सभी कन्याओं का पांव-पूजन किया उसके बाद सबको स्कूल का बैग एक एक टिफिन लाल चुनरी दिया गया यह अद्भुत नजारा देखकर वहां के दर्शनाथी जो दर्शन करने आए थे सभी लोग कन्याओं का पांव पूजने लगे उसके बाद पांडा परिवार महाप्रसाद का वितरण भी किया। महाप्रसाद में कड़ी चावल सारे भक्तों को वितरण किया गया। इस मौके पर पंडा समाज के महंत विवेकानंद पांडा विक्की पांडा रंजीत पांडा सोनू विजय पांडा विकास पांडा चंद्रदेव पांडा नीलम पांडा आदि पंडा समाज के लोग उपस्थित रहे वह हवन पूजन के साथ नवरात्रि का समापन हुआ।

### एआई एवं मशीन लर्निंग नई दवा को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण

**जौनपुर, अमृत विचार।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह ( रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। फार्मेसी विभाग, आईआईटी, बीएचयू के डॉ रजनीश कुमार ने एआई एवं मशीन लर्निंग पर आधारित दवाओं के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। डॉ रजनीश ने बताया की एआई एवं मशीन लर्निंग मदद से पहले से उपलब्ध डाटा का प्रयोग करके नई दवाओं को कम लागत पर विकसित किया जा सकता है। डॉ कुमार ने कंप्यूटर एडेड ड्रग डिस्कवरी के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने ट्यूटोरियल के माध्यम से मॉलिक्युलर रिकॉग्निटशन के बारे में बताया। डॉ रजनीश ने बताया की नई विकसित दवा का क्लेनिकल ट्रायल करने से पहले एआई की मदद से दवा के ट्रायल में सफल होने की संभावना का पता लगाया जा सकता है। इससे दवा को विकसित करने के खर्च को कम किया जा सकता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**हलिया ( मिर्जापुर )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के औरा गांव निवासी तौलन कोल की 32 वर्षीय पत्नी श्याम कुमारी की मंगलवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर मौत हो गई। घटना के समय विवाहिता के परिजन खलिहान में कार्य करने के लिए गये थे वापस लौटने पर घटना की जानकारी हुई जिस पर विवाहिता के मायके वालों को सूचना दिया मौके पर पहुंचे मायका पक्ष के लोगों के सामने विवाहिता का अंतिम संस्कार किया गया है। वहीं मौके पर पंहुचे पुलिसकर्मी लाला सोनकर व दिनेश भारती ने जांच पड़ताल किया है। विवाहिता के परिजनों ने बताया कि ज्वारी से प्रसाद लेकर वापस लौटने पर अचानक विवाहिता के पेट में दर्द होने पर विवाहिता की मौत हो गई। बेटी के मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पिता सीताराम कोल ने विवाहिता के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिलने पर संदिग्ध परिस्थितियों में ही मौत होने की पुष्टि किया है। विवाहिता को तीन पुत्र व एक पुत्री है। मायका पक्ष के लोगों ने पुलिस अधीक्षक के यंहा फांसी लगाकर जान देने कि सूचना दे दिया था जिस पर मौके पर पंहुचकर पुलिस ने छानबीन किया है।

### अनियंत्रित आटो पलटनें से चार घायल

**हलिया ( मिर्जापुर )।** लालगंज थाना क्षेत्र के लालापुर पेट्रोल पंप के पास बुधवार की सुबह सवारियों से भरी आटो अनियंत्रित होकर पलटनें से आटो में सवार चार लोग घायल हो गए। मिर्जापुर जा रही एंबुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी व पायलट ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव निवासी सुनीता व रीता बरगड़ा निवासी महेंद्र व हलिया के कोटार गांव निवासी आटो से मिर्जापुर जा रहे थे कि जैसे ही आटो लालापुर पेट्रोल पंप के पास पंहुचा कि अचानक आटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे आटो सवार चारों लोग घायल हो गए जबकि आटो चालक बाल बाल बच गया। मिर्जापुर रेफर केस लेकर जा रही एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी दीपक यादव व पायलट अरुण कुमार घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गये जंहा पर चिकित्सक ने घायलों का उपचार किया आटो क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है।

### हाइवा अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में भिड़ीं, चालक घायल

**हलिया ( मिर्जापुर )।** लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 नैडी कठारी में मंगलवार की देर शाम तेजगति से आ रहे हाइवा चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में भीड़ कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा 108 पर दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी व पायलट ने घायल हाइवा चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हाइवा चालक मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी 27 वर्षीय आशीष कुमार मिर्जापुर की ओर से रीवा की तरफ जा रहा था कि जैसे ही मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर पंहुचा कि सड़क किनारे खड़ी ट्रक में अनियंत्रित होकर भीड़ गया जिससे हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### लोस चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनावः देवी प्रसाद चौधरी




**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 को फतह करने के लिए पूरे जी-जान से जुट गयी है। पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सपा इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द के चुनाव में प्रचार प्रसार एवं जीताने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि हर एक वोटर सहेजने के लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय होकर जीतने की योजना बनाए। उन्होने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि जब आप सभी वोटरों से मिले तो उनके दुख-दर्द को भी जाने और दूर करने का काम करें। मौजूदा सरकार में किसान परेशान हैं, नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा, जनता त्रस्त है। उसके बीच हमें सरकार की नाकामियों और पार्टी की उपलब्धियों को बताना होगा।

## अपनी ढपली अपना राग


भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों की हैं। इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आम नागरिकों, किसानों व व्यापारियों के लिए काम होगा। -राहुल गांधी


भाजपा संविधान को मानती है न लोकतंत्र को। ईडी व सीबीआई के जरिये सबको जेल भेजना चाहती है।
- शिवपाल यादव


इंडी गठबंधन के लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। ये गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं।
-ब्रजेश पाठक


प्रदेश में विकास हुआ है तो अखिलेश सरकार में। आज स्कूल, अस्पताल व अच्छी शिक्षा चाहिए।
-संजय सिंह


इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। विपक्षी गठबंधन में एक अनार सौ बीमार वाली हालत है।
- नंद गोपाल गुप्ता नंदी

# यहां के वोटर भी गजब

## पसंद आए तो पलकों पर... वरना जब्त कराई जमानत

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



**अमृत विचार :** सांसद चुनने में बाराबंकी के मतदाताओं का अंदाज कुछ अलग है। जो मन को भाया उसे पलकों पर बैठाया, जो पसंद नहीं आया, उसकी जमानत तक जब्त करा दी। जी हां, अब तक के लोकसभा चुनाव में 179 में से 130 प्रत्याशी अपनी जमानत जब्त करा चुके हैं। इनमें प्रमुख सियासी दलों के दिग्गज भी शामिल हैं। बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद निर्वाचित हुई थे। पहले चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। इनमें नौ की जमानत जब्त हो गई थी।

1957 के चुनाव में संसद पहुंचने की हसरत लेकर पांच उम्मीदवारों ने चुनावी दंगल में किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में रामसेवक यादव ने निर्दल के रुप में चुनाव जीता था। दो प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे थे। 1962 के चुनाव में यहां दो लोकसभा सीटें थी। इनमें रामसनेहीघाट सीट एससी तो बाराबंकी सीट सामान्य के रुप में निर्धारित की गई थी। आरएससघाट सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें कांग्रेस के स्वामी रामानंद विजेता तो जनसंघ के भागीरथ 35.48 प्रतिशत मत पाकर रनर रहे थे। जबकि दो प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जबकि दूसरी सीट पर पांच प्रत्याशियों में से 34.11 प्रतिशत मत पाने वाले कांग्रेस के हुसैन कामिल किदवाई को छोड़कर तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी। 1967 में भी दो सीटों पर चुनाव हुआ था। रामसनेहीघाट सीट पर तीन तो बाराबंकी सीट पर चार उम्मीदवार थे। रामसनेहीघाट सीट पर बी. कुरील ने जीत दर्ज की थी तो एस कैलाश 35.06 फीसदी मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। वहीं बाराबंकी सीट पर दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

इसी तरह 1971 में रामसनेहीघाट सुरक्षित सीट पर तीन प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे। जिसमें बैजनाथ कुरील ने बाजी मारी थी। जबकि एनसीओ दल के बाबूलाल कुशमेश 35.75 फीसदी मत हासिल कर रनर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वहीं बाराबंकी सामान्य सीट पर कुल चार उम्मीदवार उतरे थे। जिसमें कुंवर रुद्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था। 36.49 मत पाकर सोशलिस्ट पार्टी के रामसेवक यादव रनर रहे थे। दो की जमान जब्त हो गई थी। 1977 के चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर आधा दर्जन प्रत्याशियों में से राम किंकर विजेता थे। वहीं कांग्रेस के बैजनाथ कुरील 19.66 फीसदी मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे और चार उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

1980 के चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी बैजनाथ कुरील को छोड़ तीन अन्य उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे।

इस चुनाव में राम किंकर ने लगातारक दूसरी बात बाजी मारी थी। इसी तरह 1984 का चुनावी दंगल आठ प्रत्याशियों के बीच हुआ था। इसमें 28.44 फीसदी मत हासिल कर दूसरे नंबर पर रहने वाले एलकेडी के रामसागर को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में कमला प्रसाद रावत जीते थे। 1989 का चुनाव नौ धुरंधरों के बीच लड़ा गया, इनमें दूसरे नंबर पर कांग्रेस के राम किंकर व तीसरे नंबर के प्रत्याशी बसपा के विजय कुमार को छोड़कर छह योद्धा जमानत नहीं बचा सके थे। इस लोकसभा चुनाव में रामसागर रावत विनर रहे थे। 1991 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों में से रनर रहे बीजेपी के कपिल देव 27.18 और कांग्रेस के कमला प्रसाद रावत 19.80 फीसदी मत पाकर जमानत बचा पाए थे, जबकि राम सागर रावत ने लगातार दूसरी बार मैदान मारा था। वहीं आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 1996 में 24 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। राम सागर रावत ने इस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई थी। भाजपा के रनर प्रत्याशी कपिल देव सिंह व तीसरे नंबर पर रहे बसपा एपी गौतम को छोड़ अन्य सभी ने अपनी जमानत गंवा दी थी।

**1951** में पहली बार हुआ था लोस का चुनाव

**179** प्रत्याशी अब तक जमानत जब्त करा चुके हैं

**130** को जमानत बचाने के लिए जनता ने तरसाया

**11** प्रत्याशियों ने पहले चुनाव में आजमाई थी किस्मत

### सबसे ज्यादा 1996 में 21 प्रत्याशियों ने गंवाई जमानत

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 21 प्रत्याशियों ने अपनी जमानत 1996 के लोकसभा चुनाव में गंवाई थी। इस चुनाव में दो दर्जन उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। सपा के रामसागर रावत ने भाजपा के कपिल देव को 14722 मतों से हराया था। बसपा के आनंद प्रकाश गौतम 17 .27 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

### जमानत बचाने का यह है गणित


प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 16 .66 फीसदी (1/6 हिस्सा) वोट प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी प्रत्याशी को अगर कुल मतदान का छठवां हिस्सा (16 .66 फीसदी) वोट नहीं मिलते हैं तो नामांकन के समय जमा की गई ज़मानत राशि ज़ब्त कर ली जाती है। इसे जमानत जब्त होना कहते हैं।

### कई दिग्गजों की हुई थी बुरी हार

भाजपा के कद्दावर नेता में शामिल रामनरेश रावत को 2009 के चुनाव में मात्र 47656 मत ही हासिल हुए थे। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में बसपा के कमला प्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 167150 मत मिले थे। जबकि चौथे नंबर पर सपा की राजरानी रावत थी। इन्हें 159284 मत मिले थे। इन दोनों की जमानत जब्त हुई थी। जबकि दूसरे नंबर पर रहे पुनिया को 242236 तो विजेता रहीं भाजपा की प्रियंका रावत को 454214 मत मिले थे। इस चुनाव में 10 लाख 68 हजार 196 मत पड़े थे। इसी तरह 2019 के चुनाव में कांग्रेस के तनुज पुनिया की भी जमानत जब्त हुई थी। इन्हें 159611 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस चुनाव में विजेता रहे बीजेपी के उपेंद्र रावत को 535917 जो सपा के रामसागर को 425777 वोट मिले थे। जबकि कुल पड़े मतों की संख्या 11 लाख 54 हजार 376 थी।


# आईना : डुमरियागंज लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| जगदम्बिका पाल | 4,92,253 |
| आफताब आलम | 3,86,932 |
| चंद्रेश उपाध्याय | 60,549 |
| अन्य | 11,757 |

### 2014 में किसको कितने वोट





2014 नोटा 11,757 | 2014 नोटा 6,776

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | जगदंबिका पाल | 2,98,845 |
| बसपा | मोहम्मद मुकीम | 1,95,257 |
| सपा | माता प्रसाद पांडे | 1,74,778 |
| कांग्रेस | वसुन्धरा सिंह | 88,117 |
| पीईसीपी | डॉ. मोहम्मद अयूब | 99,242 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | माता प्रसाद पांडे | 60,186 |
| बसपा | मोहम्मद मुकीम | 151,787 |
| बीजेपी | जय प्रताप सिंह | 153,306 |
| कांग्रेस | जगदंबिका पाल | 229,872 |
| पीईसीपी | इनामुल्लाह चौधरी | 79,820 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम शंकर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कृपा शंकर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | नारायण स्वरूप शर्मा | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | माधव प्रसाद त्रिपाठी | जनता पार्टी |
| 1980 व 84 | काजी जलील अब्बासी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | बृजभूषण तिवारी | जनता दल |
| 1991 | रामपाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बृजभूषण तिवारी | समाजवादी पार्टी |
| 1998 व 99 | रामपाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | मोहम्मद मुकीम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | जगदंबिका पाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | जगदंबिका पाल | भारतीय जनता पार्टी |

**2024**

**कुल मतदाता-** 19,52 039

**पुरुष मतदाता-** 10,39,726

**महिला मतदाता-** 9,12,165



# शहर में सन्नाटा ... गांव में बना है चुनावी माहौल

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** लोकसभा को लेकर प्रत्याशी इन दिनों गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक कदमताल कर रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने को हर जुगत भिड़ाने की कोशिश में हैं। हालांकि डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी अभी से पूरा महौल बनाए हुए हैं। वहीं, शहरों में सन्नाटा सा पसरा है।

डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी बने जगदंबिका पाल जहां अपनी जीत को सुनिश्चित करने को जी तोड़ प्रयासरत हैं वहीं से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के चुनावी मैदान में उतर जाने से चुनावी सरगर्मी बढ़ी नजर आती है। वह भी समर्थकों के साथ चुनावी समर में अपनी ताकत झोंक चुके हैं। इधर, बसपा ने ख्वाजा शमसुद्दीन को यहां अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए गांव में पहुंचकर चुनावी डंका बजा रहे हैं।

लोकसभा डुमरियागंज में 25 मई को चुनाव का मतदान होगा और 5 जून को स्थिति साफ होगी। लोकसभा डुमरियागंज में कुल मतदाता 19 लाख 52 हजार अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष 10 लाख 39726, और महिला 912165, तथा अन्य 148 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि इस चुनावी महासंग्राम में मुस्लिम मतदाता और ब्राह्मण मतदाता चुनावी जीत हार में अहम भूमिका निभाएंगे। सपा में जहां ब्राह्मण मतदाता उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी। वही बसपा में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा के लिए एक मुश्किलें खड़ी कर दी है।


डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी

### हर प्रत्याशी चल रहा है अपना - अपना दांव

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। वह गांव के एक-एक व्यक्ति से मिलकर केंद्र और भारत सरकार के विकास की नीतियों को गिना रहे हैं। साथ ही तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील भी कर रहे हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भी लोगों का समर्थन पाने को पुरजोर दांव अजमा रहे हैं। स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जो शेरे पूर्वांचल के नाम से जाने जाते रहे, के पुत्र भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी का भी पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छा प्रभाव माना जा रहा है। सपा से चुनावी भाग्य आजमाने उतरे कुशल तिवारी के आने से भाजपा में खलबली मची हुई है। क्योंकि सपा में अगर यादव मुस्लिम और ब्राह्मणों ने साथ दिया तो भाजपा के लिए कहावत सत्य होगी कि बड़ी कठिन है डगर पनघट की। यहां मतदान होने में अभी लगभग एक महीने का समय है। तीनों मुख्य पार्टियों को छोड़कर अन्य छोटे दल अभी अपने कितने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारते हैं यह परिदृश्य साफ नहीं। ऐसे में फिलहाल एनडीए, इंडिया और बसपा के बीच ही संघर्ष होना है। इन दलों के प्रत्याशी प्रचार करने लेकर सक्रिय हैं नतीजतन, चुनाव धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है।

### इंडी गठबंधन राम विरोधी, कांग्रेस-सपा ने किया आस्था से खिलवाड़ः केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि, सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो राम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

### दो लड़कों की जोड़ी पहले भी फ्लॉप रही थी: भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। बुधवार को जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। उन्होंने कहा, इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी।

# पहले चरण में 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। करीब एक करोड़ 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें कई राजनीतिक दिग्गजों के लिए कड़ी परीक्षा होगी। सीटों के जीतने के लिए भाजपा, इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा और बसपा के प्रत्याशियों के बीच घमासान की स्थिति है।

इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सहारनपुर सीट पर चुनाव मैदान में भाजपा से राघव लखन पाल हैं। पिछले चुनाव में पाल को बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 20 हजार मतों से हराया था। बसपा ने इस बार माजिद अली को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इमरान मसूद पर दांव लगाया है।

रामपुर सीट पर भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी, सपा से मोहिबुल्लाह नदवी, बसपा से जीशान खां चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पीलीभीत सीट से भाजपा से मंत्री जितिन प्रसाद, सपा से भगवत शरण गंगवार, बसपा से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू चुनावी लड़ाई लड रहे हैं। नगीना सीट से बसपा से सुरेंद्र पाल सिंह, भाजपा से ओम कुमार व सपा से मनोज कुमार हैं। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं।

बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल से चंदन चौहान, सपा से दीपक, बसपा से विजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। मुरादाबाद सीट पर भाजपा से सर्वेश सिंह, सपा से रूचि वीरा व बसपा से इरफान सैफी हैं। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, सपा से हरेंद्र मलिक व बसपा से दारा सिंह प्रजापति चुनाव मैदान में हैं। कैराना सीट पर भाजपा से सांसद प्रदीप कुमार, सपा से इकरा हसना व बसपा से श्रीपाल सिंह अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन पर सभी की निगाह है।


● राजनीतिक दिग्गजों के लिए होगी कड़ी परीक्षा

# कीर्तिवर्धन के पास पिता से आगे जाने तो श्रेया के पास मौका बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का

## राष्ट्रवाद-रामनाम बनाम कुर्मी, यादव व मुसलमान, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला, साधे जा रहे समीकरण


अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** अप्रैल माह की चिलचिलाती धूप में चुनाव सरगर्मी भी तेज है। खासतौर पर भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में इस सरगर्मी को चरम पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पास इस बार मौका जहां पांचवी बार जीतकर अपने पिता का रिकॉर्ड तोड़ देने का है वहीं, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के पास मौका विजयी होकर अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने का है।

बहरहाल, इस बीच उम्मीदवार अपनी और अपनी पार्टी की उपलब्धियों को जनता के बीच रखकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रवाद से लेकर क्षेत्रवाद और जातिवाद को भी साधने की जुगत चल रही है। दिलचस्प यह कि रामनाम की धुन के बीच ईद की सेवईयां भी बांट रहीं हैं। कहीं, जातीय सहोदर होने की दुहाई दी जा रही तो कहीं विकास कराने का गुणगान हो रहा है। रामनाम का दुपट्टा भी ओढ़ाकर धर्म-जाति की अलख जगाने का भी प्रयास है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 25 लाख से अधिक आबादी है। इसमें करीब 18 लाख वोटरों को रिझाने की कसरत चल रही है। जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा में सभी भाजपा के ही विधायक हैं।

गोंडा सदर से प्रतीक भूषण शरण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर से रमापति शास्त्री, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा तथा उतरौला से राम प्रताप वर्मा सभी भाजपा के विधायक हैं। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम करीब 21 प्रतिशत, यादव 9 प्रतिशत, कुर्मी करीब 10 प्रतिशत हैं। इसके अलावा करीब 17 प्रतिशत ब्राह्मण, 9 प्रतिशत क्षत्रिय, अनुसूचित 18 प्रतिशत सहित कायस्थ, बनिया व अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।


कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा उम्मीदवार


श्रेया वर्मा, सपा उम्मीदवार

भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। उनके पिता भी चार-चार बार के सांसद थे। कीर्तिवर्धन अब पांचवीं बार मैदान में हैं। क्या वह अपने पिता से आगे निकल पाने में सफल होंगे? वहीं दूसरी ओर सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। अब सवाल है कि क्या पौत्री श्रेया वर्मा अपने बाबा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सफल होंगी?

### पिता का रिकॉर्ड तोड़ने की भी होगी कसरत

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। दो बार सपा से तो दो बार भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह उनके पिता कुंवरआनंद सिंह भी कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1971 में वह पहली बार चुनाव जीते थे। कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की बराबरी तो पूरी कर ली अब पांचवीं बार मैदान में हैं। वह अपने पिता से आगे निकल जाएंगे या बराबरी पर रह जाएंगे यह तो चुनाव बाद पता चलेगा।

### अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का जज्बा

2009 में गोंडा से कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। महज 25-26 प्रतिशत वोट पाकर वह विजई हुए थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। लेकिन अपने वादों को पूरा न कर पाने पर 2014 के चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन उनकी पौत्री श्रेया वर्मा ने अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह विरासत बढ़ा पाएंगी या नहीं चुनाव तक इंतजार करना होगा।

### सपा को सजातीय तो भाजपा को उम्मीदवार पर भरोसा

समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय समीकरण साधने के लिए कुर्मी विरादरी की श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने अपने पुराने कंडीडेट सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर ही भरोसा जताया है। भाजपा उम्मीदवार के पास बीते 10 सालों के विकास का लेखाजोखा है। राष्ट्रवाद का जज्बा है और रामनाम का सहारा है तो सपा उम्मीदवार के पास भी सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों का पुलिंदा है। सपा उम्मीदवार के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा गोंडा में किए गए कार्य हैं साथ ही मुस्लिम, यादव व सजातीय वोट कुर्मी के पाले में आने की उम्मीद है। वैसे, किस उम्मीदवार को कुल मतों का कितना हिस्सा मिलता है यह तो वक्त ही बताएगा?

### 52 प्रतिशत बरकरार रहेगा या घटेगा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 52 प्रतिशत मत मिले थे। 48 प्रतिशत में अन्य सभी दलीय, निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर संसद तक चौथी बार पहुंचने वाले भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह पांचवी बार अपना रिकार्ड तोड़ पाएंगे या फिर उतने पर या उससे कम पर पहुंचेंगे। समीक्षकों का मानना है कि 2019 का चुनाव मोदी के नाम पर था। यह चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जा रहा है लेकिन पिछला मत प्रतिशत इस बार नहीं होगा। इसमें कुछ कमी आएगी।

### चौथे चरण में 13 लोस सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए आज से नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा की शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच समेत 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है।

**मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफ़ान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।**

## पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

# वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी

# शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

### रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल का असर

मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।

**2019** के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार


**02** सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल

**03** सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी

### पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान

इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।







### मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

**मुरादाबाद** : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।


### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### सहारनपुर: मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह

सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।


### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम




### कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव


कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

### 2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत




### नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।




### 2019 का वोट प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44.67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2.36 |

### बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी

**49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

### मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

# बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

**पटना।** बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें



### 2019 में कौन कहां से जीता

| सीट | विजेता पार्टी |
|---|---|
| गया | जदयू |
| नवादा | लोजपा |
| जमऊ | लोजपा |
| औरंगाबाद | भाजपा |

# तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

**2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता:** तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

### 39 सीटों पर मतदान कल

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | |
|---|---|
| द्रमुक गठबंधन | 38 |
| अन्ना द्रमुक गठबंधन | 01 |

### 2019 वोट शेयर

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**

अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

**26** उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।



**भरी हुंकार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

**मतदाताओं का मिजाज** — 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

# मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली


**अमृत विचार :** बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिविजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

### भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदातओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।



**1977** में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट थे

**33,54,696** मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

**1796060** पुरुष मतदाता

**1558544** महिला मतदाता

## एक नजर



### वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

### अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

**नाडियाड (गुजरात)।** गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

### साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों का रेल पटरियों पर धरना

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई।

### कांकेर मुठभेड़ में मारे गए 29 माओवादियों में से नौ की पहचान हुई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी, लेकिन आज शाम तक सात और नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। सुंदरराज ने बताया कि मारे गए नक्सली जिनकी पहचान की गई है उनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य शंकर राव और ललिता, उत्तर बस्तर डिवीजन की सदस्य माधवी आदि हैं।

# असफल प्रेमी की आत्महत्या के लिए प्रेमिका जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

## दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, खुदकशी के लिए अन्य को नहीं ठहरा सकते दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि कमजोर और दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।




अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला और उनके बेटे के बीच प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें मृतक ने लिखा था कि वह उन दोनों (महिला और उसके सामान्य दोस्त) के कारण आत्महत्या कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में याचिकाकर्ताओं के नामों का उल्लेख किया था, लेकिन अदालत की राय है कि उस 'नोट' में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे पता चले कि आरोपियों की ओर से कही गई बातें इतनी खतरनाक प्रकृति की थीं कि सामान्य व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दें। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए व्हाट्सऐप चैट से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था और जब भी महिला उससे बात करने से इनकार करती थी तो वह लगातार महिला को आत्महत्या की धमकी देता था। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि हिरासत में पूछताछ का उद्देश्य जांच में सहायता करना है और यह दंडात्मक नहीं है। अदालत ने कहा कि अब दोनों याचिकाकर्ताओं से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जांच में शामिल होने और सहयोग करने का निर्देश दिया।

# भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

**नई दिल्ली, एजेसी**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।



**77** वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

## 'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी**

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

## तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए निरस्त करने का वादा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, श्ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी।'' पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, श्हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।

## पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

## सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

## भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

**कासरगोड(केरल)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

## हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर रिपोर्ट, न्यायालय ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

# कारोबार

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| अनाज (प्रति क्वि.) | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूँदड़ा | 2250-2400 |
| आर.आर.21 | 2450-2500 |
| गेहूँफारम | 2550-2600 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 11000-11800 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| अरहरफूल | 15800-16000 |
| अरहरस्पेशल | 13800-14000 |
| चनादाल | 7250-7350 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 7200-7250 |
| मसूरदाल | 7400-7450 |
| उड़ददाल | 9500-13000 |

## मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1180

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 85800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75875 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56550-56750 |

## स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

**नयी दिल्ली/ बागडोगरा।** स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है।'' दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा, जिससे कुछ सामान को विमान से उतार दिया गया था। लेकिन इस सामान को बाद की उड़ानों के माध्यम से जोड़ा जाएगा।''

# 2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

## विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लगात कम करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

### भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

**वाशिंगटन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

## अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**70.66** अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

### पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

## अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**70.3%** हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

**लंदन।** ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

## दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

- कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति

**नई दिल्ली।** सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

**टोरंटो।** रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

### झेंग ने स्टुटगार्ट में कस्टी को हराया

**स्टुटगार्ट।** चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कस्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

### जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

**नूंह (हरियाणा)।** चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

### पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

**नयी दिल्ली।** रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

### दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

**बार्सीलोना (स्पेन)।** एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। • एजेंसी



गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। • एजेंसी

# दिल्ली ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से हराया

## कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज चमके, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **गुजरात ने आईपीएल सत्र 2024 का सबसे कम स्कोर बनाया, 8.5 ओवर में ही दिल्ली ने लक्ष्य को हासिल कर लिया**

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गये और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बायीं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी।

पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। तेवतिया ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला बरकरार रहा। गुजरात टाइटन्स ने 12वें ओवर में महज 66 रन पर अपना सातवां विकेट खो दिया। खलील अहमद ने फिर मोहित शर्मा को आउट किया। इससे पहले राशिद खान ने कुलदीप यादव पर लांग आफ में पारी का पहला और एकमात्र छक्का लगाया। कुलदीप कोई विकेट नहीं ले सके लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन दिये। मुकेश कुमार ने फिर राशिद की पारी समाप्त कर दी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### गुजरात 89/10
17.3 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो मुकेश कुमार | 02 | 10 | 0/0 |
| शुभमन गिल का शॉ बो शर्मा | 08 | 06 | 2/0 |
| साई सुदर्शन रन आउट (सुमित) | 12 | 09 | 2/0 |
| डेविड मिलर का पंत बो शर्मा | 02 | 06 | 0/0 |
| अभिनव मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 | 14 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 | 15 | 1/0 |
| शाहरूख खान स्ट पंत बो स्टब्स | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद खान का पंत बो मुकेश कुमार | 31 | 24 | 2/1 |
| मोहित शर्मा का सुमित कुमार बो अहमद | 02 | 14 | 0/0 |
| नूर अहमद बो मुकेश कुमार | 01 | 07 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश कुमार 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, ट्रिस्टन स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर पटेल 4-0-17-1

### दिल्ली 92/4
8.5 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का जॉनसन बो वॉरियर | 07 | 06 | 1/0 |
| जेक फ्रेजर का मनोहर बो जॉनसन | 20 | 10 | 2/2 |
| अभिषेक पोरेल बो वॉरियर | 15 | 07 | 2/1 |
| शाई होप का मोहित बो राशिद | 19 | 10 | 1/2 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 11 | 1/1 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 | 09 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** संदीप वॉरियर 3-0-40-2, स्पेंसर जॉनसन 2-0-22-1, राशिद खान 2-0-12-1, नूर अहमद 1.5-0-14-0

## पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

## ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

## धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

## पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ' 'कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ' 'कन्नप्पा' ' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ' 'कन्नप्पा' ' की सच्ची कहानी पर आधारित है।

## जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ' 'उलझ' ' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुईं नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलेट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।

## चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ' '12वीं फेल' ' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया, 12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# पिछले कुछ समय की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है भारत का यह चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल के एक प्रतिष्ठित अमेरिकी प्रोफेसर ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में इस सप्ताह शुरू होने वाले संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होंगे। जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना थोड़ी ज्यादा लगती है, लेकिन कर अधिकारियों का उपयोग करके नेताओं को निशाना बनाने के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है।

प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर हमाद बिन खलीफा अल सानी नूरुद्दीन ने कहा पिछले कुछ समय की तुलना में ये चुनाव हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं।



एक ओर, आपके पास एक बहुमत वाली सरकार है जो अपने बहुमत का विस्तार करना चाह रही है, लेकिन इससे भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि भारत को लोकतांत्रिक पतन, विरोध जताने को लेकर डर, धमकी, विशेष रूप से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसी चर्चित हस्ती की गिरफ्तारी और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर चिंता का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा लेकिन अंततः यह चुनाव भारतीय लोगों के लिए है और मुझे लगता है कि दुनिया की नजरें मतदान की दर और इस बात पर रहेंगी कि चुनाव कितने प्रतिस्पर्धी हैं ताकि परिणाम चाहे जो भी हो, भारत के लोकतंत्र में विश्वास एक बार फिर से बहाल हो सके।

नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतंत्र के बारे में चिंताएं कुछ ज्यादा ही बढ़ी हुई लगती हैं क्योंकि इस समय हमारे पास अब भी एक प्रतिस्पर्धी पार्टी परिदृश्य है, जिसमें कई पार्टियां काफी स्वतंत्र रूप से सरकार की आलोचना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का हिस्सा है। प्रोफेसर ने कहा कि दूसरी ओर, मुझे लगता है कि विशेष रूप से कुछ खास राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए कर अधिकारियों के उपयोग के बारे में चिंता एक ऐसी चीज है जिसकी अधिक पड़ताल की आवश्यकता है।

## भारत में यकीनन यह मोदी युग है: धूमे

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी स्तंभकार बोले- 60, 70, 80 के दशक में था कांग्रेस का प्रभुत्व

दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है और वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केन्द्र में रहा हो। धूमे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है। प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत लोकप्रियता काफी ऊंची बनी हुई है। यदि आप सर्वेक्षणों को देखें, तो यह 80% के आसपास है जो विश्व नेताओं के लिए यदि उच्चतम नहीं तो सबसे अधिक में से एक है। एक बात यह भी है कि कई मायनों में विपक्ष वास्तव में ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद फिर से संभल नहीं हो पाई है। धूमे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। यदि आप 60, 70, 80 के दशक को देखें, तो उस पर कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब उस पर भाजपा का प्रभुत्व है, उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था।

## पाकिस्तानी अदालत ने दो सीटों पर निर्वाचन किया रद

लाहौर, एजेंसी

**सख्त कार्रवाई**

- पीएमएलएन के दो उम्मीदवारों की जीत पर अदालत ने फेरा पानी

पाकिस्तान में लाहौर उच्च न्यायालय की अलग-अलग पीठों ने पंजाब प्रांत की दो संसदीय सीटों गुजरांवाला और लोधरान से पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) के दो उम्मीदवारों की नेशनल असेंबली में हुई जीत की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। इस तरह पार्टी ने दोनों सीटों को गंवा दिया है। डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शाहिद करीम ने नेशनल असेंबली 81 (गुजरांवाला) से जीते अजहर कय्यूम नाहरा के खिलाफ एक आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पीटीआई द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज की याचिका पर यह फैसला सुनाया। इजाज के वकील ने मंगलवार को दलील दी कि उनके मुवक्किल को शुरू में 7,791 वोटों से निर्वाचित घोषित किया गया था, लेकिन पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने प्रतिवादी नाहरा के अनुरोध पर दोबारा गिनती में उन्हें (नाहरा) 3,100 वोटों के अंतर से विजयी घोषित कर दिया। इस बीच, लाहौर उच्च न्यायालय की बहावलपुर पीठ ने भी ऐसे ही एक मामले में एनए-154 लोधरान से पीएमएल-एन सांसद अब्दुल रहमान कंजू को पद से हटा दिया और पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार राणा फराज नून को विजेता घोषित किया।

## एक नजर



### सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव लिए हुआ मतदान, 334 उम्मीदवार मैदान में

**होनियारा।** सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता संयुक्त चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होंगे। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे समाप्त हुआ।

### बोलीविया में हादसा, बस गहरी खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत, 35 घायल

**ला पाज।** पूर्वी बोलीविया में एक बस के राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 मीटर से अधिक गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार को घटित हुई। आपातकालीन विभाग और पुलिस कर्मियों को सांता क्रूज़ विभाग, क्वीन शहर में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। बस संचालित करने वाली परिवहन कंपनी के अनुसार, बस सोमवार को अपराह्न में दक्षिण-पश्चिम में पोटोसी विभाग से सांता क्रूज क्रूज डे ला सिएरा शहर के लिए रवाना हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पष्ट रूप से दृश्यता की कमी के कारण, मातरल शहर से पांच किलोमीटर दूर क्वीन के पास बस एक खड्ड में गिर गई, हालांकि इस संभावना की भी जांच की जा रही है कि चालक को नींद तो नहीं आई थी।

### चीन के अंतरिक्ष यान, वाहक रॉकेट लॉन्चिंग में स्थानांतरित

**बीजिंग।** चीन के मानवयुक्त शेह्जहोउ-18 चालक दल वाले अंतरिक्ष यान और लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के संयोजन को प्रक्षेपण के लिए लॉन्चिंग क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन में अंतरिक्ष यान और वाहक रॉकेट को जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर पर पहुंचाया गया और यहां सुविधाएं तथा इसके उपकरण बेहतर स्थिति में हैं। इसे भविष्य में लॉन्च करने से पहले फंक्शन जांच और संयुक्त परीक्षण योजना के अनुसार किए जाएंगे।

### जापान में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति

**टोक्यो।** जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा, क्योंकि इनकी संख्या नहीं बढ़ रही है।

# ईरान ने गलत किया, संयम रखें नेतन्याहू: सुनक

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- अलग-थलग पड़ गया है ईरान, हमले पर कार्रवाई का निर्णय ले रहा इजराइल

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन बुधवार को वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे।



सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को दोहराया और इजराइली नेता से कहा कि ईरान ने गलत तरह से कदम उठाया है और परिणामस्वरूप वह वैश्विक मंच पर अलग-थलग पड़ गया है। ऐसा माना जाता है कि नेतन्याहू ने शनिवार को इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व प्रत्यक्ष हमले की स्थिति में ब्रिटेन को उसके मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से मंगलवार शाम को फोन कॉल की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत खराब तरीके से गलत अनुमान लगाकर कदम उठाया है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है। गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष पर सुनक ने नेतन्याहू से कहा कि वह गहराते मानवीय संकट को लेकर बहुत चिंतित हैं।



इजरायली हवाई हमले के बाद अबो अल हनूद परिवार की आवासीय इमारत पर लोगों की तलाश करते फिलिस्तीनी।

### इजराइली हमले में तीन की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी शहर शेहाबिया में इजरायल की ओर से किए गए हमले में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके और एक अमल मूवमेंट सदस्य की मौत हो गई और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जिससे कई दुकानें और 22 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में छह हवाई हमले किए और कई कस्बों और गांवों पर गोले दागे। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली साइटों पर हमला किया। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अपराह्न में लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 100 से अधिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजरायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। इससे पहले दिन में, दक्षिणी लेबनानी गांव ऐन बाल में एक नागरिक कार पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक स्थानीय नेता मारा गया था। पीड़ित की पहचान शेहबिया शहर के अबू जाफ़र बाज़ के रूप में की गई।

### सख्त भी हो और संघर्ष भी न बढ़े ऐसी कार्रवाई की उम्मीद: कैमरन

**यरूशलम।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्रवाई कब और कैसे की जाएगी। कैमरन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इजराइल ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह इसे इस तरह अंजाम देगा जो सख्त भी हो और इससे ज्यादा संघर्ष भी न बढ़े।

### अमेरिका ईरान के मिसाइल, ड्रोन कार्यक्रमों पर लगाएगा नए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान पर उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दे पर नए प्रतिबंध लगाएगा। सुलिवन ने मंगलवार को कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मामलों में नए प्रतिबंध लगाएगा। साथ ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका पूरे पश्चिम एशिया में वायु और मिसाइल रक्षा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के एकीकरण को मजबूत और विस्तारित करता रहेगा।

## यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमला, 13 की मौत

- 61 लोग घायल, पश्चिमी देशों से सैन्य मदद न मिलने से कमजोर पड़ रहा यूक्रेन
- पिछले दिनों यूक्रेन के एक सबसे बड़े बिजली संयंत्र को रूस ने कर दिया था नष्ट

**कीव।** रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है।

पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से उनके देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियां प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेर्निहाइव हमले के बारे में कहा कि अगर यूक्रेन को पर्याप्त वायु रक्षा उपकरण मिले होते और रूसी आतंक का मुकाबला करने के लिए दुनिया का दृढ़ संकल्प होता, तो ऐसा नहीं होता। जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि मिसाइल और ड्रोन हमले से बचाव करते हुए यूक्रेन के पास वायु रक्षा मिसाइलें खत्म हो गई हैं।

## पाकिस्तान में 63 हुई बारिश से मरने वालों की संख्या

**पेशावर।** पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता खुर्शीद अनवर ने बताया कि ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। प्रांत में इमारत के ढहने से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 15 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं। अनवर ने बताया कि उत्तर पश्चिम में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और 1370 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने और मकान ढहने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत गयी।

# यूएई में रिकॉर्ड बारिश, दुबई हवाई अड्डे में भरा पानी

दुबई, एजेंसी



रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बनने से बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं।

सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि, पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। कई रिपोर्ट में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के हवाले से कहा गया है कि बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं। यूएई अपने घटते, सीमित भूजल को बढ़ाने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' का सहारा लेता है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बारिश सोमवार देर रात से शुरू हुई जिसके बाद लगभग 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ये पूरे दिन जारी रही। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मंगलवार के अंत तक, 24 घंटों में 142 मिलीमीटर से अधिक बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए। एक दंपति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को बताया कि हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि आपको टैक्सी नहीं मिल सकती। मेट्रो स्टेशन पर लोग सो रहे हैं। हवाई अड्डे पर लोग सो रहे हैं।

### यूएई में बारिश ने तोड़े 75 वर्षों के सारे रिकॉर्ड

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षति हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो दो साल की औसत वर्षा के बराबर है।

## पाकिस्तान में तीन वाहनों की टक्कर में 8 की मौत, 30 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में बुधवार को तीन वाहनों के बीच टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और अन्य 30 घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी।

ईधी बचाव संगठन के एक स्थानीय प्रतिनिधि मेराज अहमद ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के मंझंड इलाके के पास सिंधु राजमार्ग पर आज सुबह हुई जब तेल टैंकर, ट्रक और एक यात्री बस की एक के बाद एक टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी और अन्य 30 घायल हो गए। पहले तेल टैंकर और ट्रक की टक्कर हुई तथा कुछ ही सेकंड के भीतर बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ और लोग हताहत हुए।

# म्यांमार सैन्य सरकार ने आंग सान सू ची को जेल से घर पर नजरबंदी में भेजा

बैंकाक, एजेंसी

- भीषण लू के कारण बिगड़ी अपदस्थ नेता की तबियत, सू ची के बेटे एरिस ने लंदन से मां और राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की लगाई गुहार

म्यांमार की सैन्य सरकार ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भीषण लू के बीच स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जेल से स्थानांतरित करके घर में नजरबंदी में रखा गया है। सैन्य सरकार ने पारंपरिक नववर्ष के दौरान इस सप्ताह तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दी है।

सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल जनरल जॉ मिन तुन ने मंगलवार देर रात विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों को बताया कि सू ची (78) और उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति रहे विन मिंट (72) उन बुजुर्ग कैदियों में शामिल हैं जिन्हें तेज गर्मी के कारण जेल से घर में नजरबंदी में रखा गया है। हालांकि इस कदम के बारे में म्यांमा में सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। म्यांमा में 2021 में सेना ने निर्वाचित सरकार को बेदखल कर सत्ता अपने हाथ में ले ली और सू ची को कैद कर लिया था। देश की नेता सू ची राजधानी नेपीताव में मुख्य जेल के विशेष रूप से निर्मित प्रकोष्ठ में विभिन्न मामलों में 27 साल की जेल की सजा काट रही हैं।

म्यांमा के मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी में मंगलवार दोपहर को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पूर्व राष्ट्रपति विन मिंट म्यांमा के बागो क्षेत्र के ताउंगू में आठ साल की जेल की सजा काट रहे हैं। ऐसी खबरें भी आई हैं कि जेल में सू ची की तबियत बिगड़ रही है। लंदन में रहने वाले सू ची के छोटे बेटे किम एरिस ने कहा कि उनकी मां बेहद बीमार हैं, उन्हें मसूड़ों में दिक्कत है। उन्होंने कहा था कि म्यांमा की सैन्य सरकार पर उनकी मां और अन्य राजनीतिक कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए।

### म्यांमार में नए साल पर 3,000 कैदी किए रिहा

**यांगून।** म्यांमार की प्रांतीय प्रशासन परिषद ने पारंपरिक म्यांमार नववर्ष के पहले दिन बुधवार को तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दे दी और उन्हें रिहा कर दिया। परिषद ने कहा कि कैदियों में 3,303 म्यांमार के नागरिक और 36 विदेशी कैदी थे, जिनमें 13 इंडोनेशियाई नागरिक और 15 श्रीलंकाई नागरिक शामिल हैं। म्यांमार में अपने पारंपरिक नववर्ष के मौके पर हर साल कैदियों को माफी देकर रिहा कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ऐसे मौके पर 3,000 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया था।

## रक्षा सहयोग में मील का पत्थर होगी आईटी प्रयोगशाला: पांडे

**नई दिल्ली।** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि सितंबर 2018 में रक्षामंत्रियों की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है।

**अनोखी खोज** | किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से हृदय की आकृति की संरचना बनी

# प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल...

अमृत विचार, नैनीताल:

नन्हा ग्रह प्लूटो के सीने में भी दिल धड़कता है। नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने प्लूटो के दिल की आश्चर्यजनक खोज की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से प्लूटो में हृदय की आकृति की संरचना हुई होगी।

प्लूटो सौर मंडल का ऐसा ग्रह है, जो अक्सर विवादों में घिरा रहता है। हालाकि अब यह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल हो गया है, लेकिन वैज्ञानिकों एक वर्ग आज भी इसे बौना न मानकर ग्रह की संज्ञा ही देता है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों के बीच जबरदस्त बहस आज भी जारी है। लिहाजा प्लूटो पर मिलने वाली कोई भी खबर सोशल मीडिया पर एकदम ट्रोल होने लगती है। अब जो खबर आई है , वह चौकाने वाली है। वैज्ञानिकों ने इस बौने ग्रह के सीने में दिल ढूंढ निकाला । नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने पहली बार प्लूटो के दिल की जासूसी 2015 में की थी। प्लूटो की दुनिया बहुत छोटी है। जिसकी संरचना का पता लगाने में अंतरिक्ष यान को अधिक समय नही लगा और दिल के आकार की इस जगह खोज निकाला।



वैज्ञानिकों ने अपनी सुविधा के लिए इस दिलनुमा जगह का नाम टॉमबॉघ रेजियो रख दिया। प्लूटो के अतीत की बात करें तो 1930 मे इसकी खोज हुई । 2006 तक यह ग्रह की श्रेणी में गिना जाता था। मगर 2006 में ग्रह की परिभाषा बदल जाने के बाद इसे बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। तब से इस पर शुरू हुई बहस आज तक थम नही पाई है। इधर प्लूटो पर स्थित हृदय ने अपने अनोखे आकार, भूवैज्ञानिक संरचना और ऊंचाई की स्थिति को लेकर वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। इसके दिल की संरचना का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग किया। तब यह पता चला कि एक पिंड की प्रलयंकारी घटना से प्लूटो के हृदय का निर्माण हुआ, जो 650 किमी व्यास से थोड़ा अधिक बड़ा व्यास का है।

### पहले की धारणा से भिन्न है प्लूटो की संरचना

**नैनीताल:** पूर्व में समझा जाता कि इसकी संरचना समतल है, लेकिन नई जानकारी पहले से जुदा है। जिसमें संभवत: जल भी है। शायद समुद्र भी हो। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय और टक्सन, एरिजोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्लूटो के रहस्य से पर्दा उठाया है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।